नई दिल्ली

गुरुवार, 27 नवंबर 2025

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 224
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम

अधि. 27.1
न्यूनू. 5.5


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 भारतीय खिलाड़ियों का दमदार पदार्पण, जीता रजत और कांस्य

## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भावभीनी विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

# स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी पंचतत्व में विलीन, बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

आईएनएच एवं हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय कीर्ति नारायण द्विवेदी का अंतिम संस्कार बुधवार को ग्वालियर के लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम में पारंपरिक व रीति रिवाजों के साथ ससम्मान संपन्न हुआ।

इस मौके पर उनके बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नम आंखों से मुखाग्नि दी। उन्होंने परंपरानुसार पुत्र कर्तव्य का निर्वहन किया। स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का एक दिन पहले मंगलवार को 84 वर्ष की अवस्था में देवलोक गमन हुआ था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को ग्वालियर स्थित उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी से शुरू हुई। उनकी अंतिम यात्रा में शहर ▶▶ शेष पेज 5 पर



बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि

### त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में रखा गया है। त्रयोदशी आयोजन में शांति पाठ व प्रार्थना होगी।



विश्रामघाट पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने परिजनों को सांत्वना दी

### श्रद्धांजलि सभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य नागरिकों ने कहा कि स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का जीवन सादगी, विनम्रता और निरंतर कर्मशीलता की मिसाल रहा है। वे सदैव लोगों को जोड़ने वाले, मुस्कुराकर हर परिस्थिति का सामना करने वाले और रिश्तों को निभाने वाले व्यक्ति थे। उनके देवलोक गमन को सभी ने अपूरणीय क्षति बताया। इस भावुक क्षण में उपस्थित लोगों ने द्विवेदी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भारत में गूगल मीट अचानक बंद हुआ


**नई दिल्ली।** गूगल मीट वीडियो कॉल और ऑनलाइन मीटिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला लोकप्रिय प्लेटफार्म ने भारत में बुधवार को काम बंद कर दिया। कई लोगों ने बताया कि वो मीटिंग जॉइन नहीं कर पा रहे थे, जिससे काम प्रभावित हुआ। वेबसाइट के मुताबिक, सुबह 11:49 बजे तक भारत में 981 से अधिक यूजर्स ने इस समस्या को बताया।

### अमेरिका के श्रद्धालु ने दिया 9 करोड़ का दान



**तिरुपति।** अमेरिका स्थित एक श्रद्धालु ने बुधवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को नौ करोड़ का दान दिया। मंदिर निकाय के अध्यक्ष बीआर नायडू ने बताया एम रामलिंगा राजू ने पीएसी-1, 2 और 3 भवनों के नवीनीकरण के लिए नौ करोड़ रुपए का दान दिया। उन्होंने बताया कि राजू ने इससे पहले वर्ष 2012 में 16 करोड़ रुपए का दान दिया था।

### सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ से 17 की मौत, कई घायल



**मेदान।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते हुई मानसूनी बारिश की वजह से नदियों के बांध टूट गए। पहाड़ी गांवों में कीचड़ भर गया, चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे भारी तबाही हुई।

## एच1बी वीजा सिस्टम में सामने आई गंभीर धोखाधड़ी, उछाला गया भारत का नाम

## पूर्व अमेरिकी सांसद ब्रैट ने किया खुलासा

# सीमा 85 हजार की थी, लेकिन चेन्नई को जारी हुए 2 लाख 20 हजार वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एच1बी वीजा को लेकर भारतीयों की पहले से बढ़ी हुई मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीजा से जुड़ी सालाना फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी। तो वहीं, अब उनकी ही रिपब्लिकन पार्टी के ही एक पूर्व सांसद और अर्थशास्त्री डेव ब्रैट ने एक बड़ा धमाका करते हुए इस वीजा सिस्टम में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी, औद्योगिक धांधली होने का गंभीर खुलासा किया है।

अगर बात इतनी भर होती तो ठीक था। लेकिन ब्रेट ने मामले में भारत का नाम भी ले लिया और कहा कि पिछले साल 2024 में हमारे देश की एच1बी वीजा जारी करने की वैध सीमा 85 हजार है। जबकि अकेले चेन्नई को इसका ढाई गुना अधिक यानी 2 लाख 20 हजार वीजा जारी किए गए हैं। भारत इसका सबसे बड़ा लाभार्थी है। जिसे सालाना 71 फीसदी वीजा किए जाते हैं। जबकि चीन को 12 फीसदी एच1बी वीजा सुविधा का लाभ मिलता है। बताते चलें कि ब्रैट के इस दावे से ठीक पहले एक भारतीय-अमेरिकी राजनयिक महवश सिद्दीकी ने भी चेन्नई के वाणिज्य दूतावास पर धांधली के आरोप लगाए थे।



### शक के घेरे में चेन्नई कांसुलेट, 'मागा' पर असर

**अमेरिका जाने के भारतीयों के सपनों पर लगेगा ब्रेक!**

ब्रैट ने ये भी कहा कि 85 हजार की अधिकतम सीमा के बाद अकेले चेन्नई को 2 लाख से ज्यादा एच1बी वीजा दिए गए। उनका ये तर्क चेन्नई में हुई बड़ी धांधली की ओर इशारा कर रहा है। जहां स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास ने ये तमाम वीजा भारतीयों को जारी किए। चेन्नई में मुख्य रूप से चार दक्षिण-भारतीय राज्यों जैसे कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना से बड़ी तादाद में आने वाले एच1बी वीजा आवेदनों को प्रोसेस किया जाता है। जो इस वीजा के मामले में दुनिया का सबसे ज्यादा व्यस्ततम वीजा केंद्र है। ब्रैट इस स्थिति को अपने देश यानी अमेरिका के घरेलू श्रमिकों के लिए भी खतरनाक मानते हैं। साथ ही कहते हैं कि ये मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) की राह में रोड़ा अटका सकता है।

### 36 महीने दूतावास में दी सेवाएं

पूर्व अमेरिकी राजनयिक सिद्दीकी ने वर्ष 2005 से 2007 तक चेन्नई के वाणिज्य दूतावास में तीन साल तक अपनी सेवाएं दी थीं। जिसे लेकर उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यहां आने वाले वीजा आवेदनों में काफी धोखाधड़ी हुई है। भारतीयों को दिए गए ज्यादातर वीजा फर्जी थे। जिनके जारी करने के पीछे नकली नियोक्ता पत्र, जाली डिग्रियां, अयोग्य आवेदकों के लिए प्रॉक्सी साक्षात्कार शामिल थे। महवश ने ये दावा भी किया कि भारत के हैदराबाद जैसे शहरों में कई ऐसी जगहें हैं। जो वीजा आवेदकों को न केवल प्रशिक्षण देती हैं। बल्कि उन्हें नकली रोजगार तथा शैक्षणिक प्रमाणपत्र बेचती हैं।

## राष्ट्रपति ने संविधान सदन में संविधान दिवस के अवसर पर दिया संबोधन

### संविधान औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर....

# राष्ट्रवादी मानसिकता के साथ देश को आगे ले जाने के लिए एक मार्गदर्शक : द्रौपदी मुर्मु



***उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन, पीएम नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, दोनों सदनों में विपक्ष के नेता एवं संसद सदस्य रहे मौजूद***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे राष्ट्रीय गौरव का दस्तावेज़ है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान का ग्रंथ है। यह औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर राष्ट्रवादी सोच के साथ देश को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शक ग्रंथ है। संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में संविधान सभा में दिए गए सटीक तर्क आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद आज विश्व भर के कई लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण है। मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2015 में, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। यह निर्णय वास्तव में सार्थक सिद्ध हुआ है। इस दिन पूरा देश भारतीय लोकतंत्र की नींव, हमारे संविधान और उसके निर्माताओं के प्रति अपने सम्मान की पुष्टि करता है। 'हम, भारत के लोग' व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने संविधान के प्रति आस्था व्यक्त करते हैं। अनेक आयोजनों के माध्यम से नागरिकों, विशेषकर युवाओं को संवैधानिक आदर्शों के प्रति जागरूक किया जाता है। ▶▶ शेष पेज 5 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

## जब्त नकदी लौटाने में हीलाहवाली

# एक दशक की देरी पर अदालत ने सीबीआई को फटकार लगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई की एक अदालत ने वर्ष 2015 में दिए गए अपने आदेश का पालन न करने पर सीबीआई को फटकार लगाई और जांच एजेंसी को निर्देश दिया कि वह जांच के दौरान जब्त किए गए 50,000 रुपये की राशि को पांच हजार रुपये के हर्जाना के साथ वापस करे।

विशेष सीबीआई न्यायाधीश वी पी देसाई ने यह भी कहा कि एजेंसी चाहे तो तय किए गए हर्जाने की वसूली जांच अधिकारी के वेतन से कर सकती है। यह मामला सितंबर 2014 का है, जब भ्रष्टाचार संबंधी एक मामले में की गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने आवेदक पेरिस पेजारकर के घर से 50,000 रुपये नकद जब्त किए थे। एजेंसी को आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले, जिसके बाद नवंबर 2015 में मामला बंद कर दिया गया था। उसी समय अदालत ने जांच के दौरान जब्त दस्तावेज और सामग्री लौटाने का ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एसआईआर पर हुई सुनवाई

# शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से 1 दिसंबर तक मांगा जवाब

***पांच राज्यों में एसआईआर का मामला***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और बिहार में चल रहे एसआईआर को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अगुवाई वाली बेंच ने चुनाव आयोग को 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का सख्त निर्देश दिया। सभी राज्यों के एसआईआर मामलों में चुनाव आयोग को 1 दिसंबर 2025 तक जवाब दाखिल करना होगा। केरल मामले की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दोनों रक्षा मंत्रियों की 27 नवंबर की बातचीत में क्षेत्रीय सुरक्षा और बहुपक्षीय मुद्दे शामिल होंगे

# भारत-इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रियों की तीसरी वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रियों के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में तीसरी बैठक होगी। जिसकी सह-अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और इसमें उनके साथ इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री सज़ाफ़री सज़ामसोएद्दीन शामिल होंगे। बैठक में दोनों मंत्रियों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा से लेकर कई बहुपक्षीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर चर्चा भी होगी। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस बैठक को लेकर इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री भारत की दो दिवसीय (26 से 27 नवंबर तक) यात्रा पर रहेंगे। जो दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग की रफ्तार को प्रदर्शित करता है। इससे आपसी साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता भी साफतौर पर झलकती है। बताते चलें कि इस साल जनवरी महीने में की गई इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत यात्रा के बाद उनके रक्षा मंत्री सज़ामसोएद्दीन की नई दिल्ली की ये यात्रा हो रही है। भारत और इंडोनेशिया के बीच सभ्यताकालीन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण पर की गई पाकिस्तान की टिप्पणी पर भारत का करारा जवाब

# 'अपने दागदार दामन के साथ पाकिस्तान को दूसरों को उपदेश देने का नैतिक अधिकार नहीं': जायसवाल

***बुधवार को राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बोले रणधीर जायसवाल***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना पाकिस्तान को भारी पड़ गया। बुधवार को भारत ने आधिकारिक रूप से उसे कड़ी फटकार लगाई है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में कहा कि हमने पाकिस्तान के बयानों को देखा ▶▶ शेष पेज 5 पर



### लगाया इस्लामोफोबिया का नापाक आरोप

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते मंगलवार को राम मंदिर के शीर्ष पर ध्वज फहराया था। जिसे लेकर बुरी तरह से बौखला गए पाकिस्तान ने 'आव देखा न ताव' सीधे भारत पर इस्लामोफोबिया का झूठा और मनगढ़ंत आरोप मढ़ते हुए दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) के फैसले पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रभु श्रीराम का मार्गदर्शन करना आसान होगा

पीएम मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर के धर्म ध्वजारोहण उत्सव का साक्षी बनने को एक ऐतिहासिक और युगांतकारी क्षण बताते हुए कहा था कि इसका देश और दुनिया के करोड़ों लोगों को बेसब्री से इंतजार था। अयोध्या में इतिहास रचा गया है। जो हमें प्रभु श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए और भी प्रेरित करता है। ये उत्सव मेरे लिए एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राजधानी में बुधवार को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

# चीन का यूं अरुणाचल की महिला को प्रताड़ित करना संबंधों के लिए मददगार नहीं होगा: विदेश मंत्रालय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-चीन के बीच करीब पांच साल बाद पूरी तरह से खत्म हुए एलएसी विवाद के बीच बीते दिनों अरुणाचल-प्रदेश में जन्मी एक भारतीय महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक की ब्रिटेन से जापान की यात्रा के दौरान शंघाई हवाईअड्डे पर उनके पासपोर्ट को अवैध बताकर प्रताड़ित करने के मामले की देश-दुनिया में भारी गूंज सुनाई दी। भारत ने इस पर चीन के समक्ष नाराजगी के साथ कड़ी आपत्ति जताई। जिस पर गंभीरता दिखाने की बजाय चीन ने तुरंत पलटी मार ली। लेकिन मामला यही खत्म नहीं हुआ, बुधवार को इससे जुड़े कई प्रश्न यहां नई दिल्ली में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा पूछे गए। जिसके जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ शब्दों के साथ चीन को ये ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीमाई शांति से होगा संबंधों का विकास

रणधीर ने ये भी कहा कि चीन की इस मनमानी हरकत के लिए हमने मामले को नई दिल्ली और बीजिंग में मौजूद चीन के दूतावासों के समक्ष सख्ती के साथ उठाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया है। उनका इस तरह का बर्ताव पूरी तरह से गलत है। भारत और चीन के द्विपक्षीय रिश्तों के लगातार और व्यापक विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बातचीत, कूटनीति से निकलेगा समाधान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने शांति योजना को लेकर रिपोर्ट देखी हैं। यह कवायद लगातार आगे बढ़ रही है। हम तमाम घटनाक्रमों पर बेहद बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ये युद्ध का युग नहीं है, जल्द ही दोनों पक्षों द्वारा सभी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हत्या केस का वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल




**नई दिल्ली।** पटेल नगर इलाके में बुधवार को हत्या मामले का एक वांछित आरोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया। आरोपी का नाम मेहताब बताया गया है। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया था लेकिन उसने पुलिस टीम पर कथित रूप से गोली चलाई। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई।

यह घटना बुधवार सुबह तब हुई जब पटेल नगर थाने की एक गश्ती टीम ने मेहताब की गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के आधार पर उसका पीछा किया। एक गोली मेहताब को लगी, जिसके बाद उसे काबू कर पास के अस्पताल ले जाया गया। उसका इलाज चल रहा है। हत्या के एक मामले में आरोपी मेहताब फरार था और पिछले कुछ हफ्तों से पुलिस उसका पता लगाने की कोशिश कर रही थी।

### उत्तरी जिले के सराय रोहिल्ला पुलिस की कार्रवाई

# रोडरेज में चाकू से हमले का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिले की सराय रोहिल्ला पुलिस ने हत्या की कोशिश का केस सुलझाते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रोडरेज के बाद पीड़ित पर चाकू से हमला किया था। जुर्म में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी पहले भी सराय रोहिल्ला में लूट और चोट पहुंचाने समेत दो मामलों में शामिल रहा है।



पुलिस के अनुसार 16 नवंबर को सराय रोहिल्ला थाने को दीप चंद बंधु हॉस्पिटल से एक व्यक्ति को चाकू मारने की सूचना मिली थी। लोकल पुलिस हॉस्पिटल पहुंची जहां घायल की पहचान आशु (26) निवासी बी-ब्लॉक, शास्त्री नगर के रूप में हुई। बाद में उसे आरएमएल हॉस्पिटल के लिये रेफर कर दिया गया। शिकायतकर्ता के बयान नहीं हो पाये थे। पुलिस ने 18 नवंबर को केस दर्ज कर जांच शुरू की। बाद में पीड़ित का बयान दर्ज किया गया जिसमें उसने आरोप लगाया कि वह अपने दोस्त अभय नागर के साथ बी-ब्लॉक, शास्त्री नगर में स्कूटी पर जा रहा था, जहां स्कूटी एक कार से टकरा गई। उसे इशान चावला नाम का एक आदमी चला रहा था। उनके बीच कहासुनी हुई जिसमें इशान चावला ने उन्हें धमकी दी। कुछ मिनटों के बाद इशान अपने साथियों ऋषि राज, पीयूष गुज्जर और बाला के साथ स्कूटी पर लौटा और उन्होंने अभय नागर पर बेरहमी से हमला करना शुरू कर दिया। जब पीड़ित यानी आशु अपने दोस्त को बचाने के लिए बीच में आया तो आरोपी ऋषि राज ने अपनी जेब से चाकू निकाला और उस पर हमला कर दिया। किसी तरह पीड़ित अपनी जान बचाकर वहां से भागे। जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल नंबर हासिल किए गए और उनका एनालिसिस किया गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के घरों और दूसरे संभावित ठिकानों पर कई छापे मारे, लेकिन वे फरार पाए गए। आखिर में मुख्य आरोपियों में से एक ऋषि राज को रात के समय उसके घर से पकड़ लिया गया। ईशान चावला, पीयूष गुज्जर और बाला के सभी संभावित ठिकानों पर कई छापे मारे गए, लेकिन वे फरार पाए गए। उन्हें पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।

## मंडोली जेल में रहकर आये शख्स को गोली मारने वाले दो दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मंडोली जेल से बाहर आते ही युवक को गोली मारने वाले बदमाश व उसके नाबालिग सहयोगी को पूर्वी जिले के एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड, स्पेशल स्टाफ और कल्याणपुरी थाने की संयुक्त टीम ने पकड़ लिया है। पकड़े गए बालिग आरोपी का नाम अंकुश (22) बताया गया है। आरोपी कल्याणपुरी और मंडोली दो घटनाओं में मुख्य शूटर था। पुलिस ने इसके पास से कट्टा और बाइक बरामद की है।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार आरोपी को इंस्पेक्टर अरुण कुमार, इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक और एसएचओ कल्याणपुरी मुकेश कुमार की टीम ने पकड़ा है। गत 24 नवंबर को कल्याणपुरी में फायरिंग की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर एएसआई नवल सिंह पहुंचे। चश्मदीद गवाह ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 2:25 बजे वह अपनी मां और बड़े भाई नितिन के साथ कल्याणपुरी के एक छोटे पार्क में बैठा था। इसी दौरान अंकुश आया और गोली चला दी। पार्क के बाहर उसका साथी बाइक पर इंतजार कर रहा था। वह अपने साथियों के साथ फरार हो गया। जांच में पुलिस को पता चला कि अंकुश ने मंडोली जेल से बाहर आते ही सोमबीर नामक युवक को भी गोली मारी थी। सोमवीर, नितिन पहलवान (कल्याणपुरी का घोषित अपराधी) का करीबी साथी था।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 327097 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "एलएचबी नॉन एसी कोचों का नवीनीकरण" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 78259532.57/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 541300/ |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 17.12.2025 समय 15:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. 327097 दिनांक : 26.11.2025 3666/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. & 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी इमरान पुत्र** जुम्मा, **पताः** मकान नंबर एच–3/1493 जहांगीरपुरी, **दिल्ली FIR No. 886/2022, U/s: 25/54/59 A. Act, पुलिस थानाः महिंद्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **इमरान FIR No. 886/2022, U/s: 25/54/59 A. Act, पुलिस थानाः महिंद्रा पार्क, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अमर दीप कौर
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश उत्तर
कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15784/NW/2025
(Court Matter)


## ठगी के तीन बड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश तीन कुख्यात ठगों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ठगी के तीन बड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए अलग अलग मामलों में तीन कुख्यात ठगों को पकड़ा है। इनके नाम लक्ष्य, रामवीर और राजेश मंडल बताये गये हैं। आरोपी हाईवैल्यू ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट स्कैम, नकली ट्रेडिंग एप्लीकेशन, म्यूल अकाउंट नेटवर्क और जामताड़ा बेस्ड केवाईसी कराने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करते थे।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 27 सितंबर को साउथ वेस्ट के साइबर पुलिस थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। उसने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर 33,10,000 की ठगी हुई है। जांच में पता चला कि एक नकली कंपनी बेलक्रेस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर कई बैंक अकाउंट धोखे से खोले



गए थे। इन अकाउंट से संबंधित पूरे भारत में रजिस्टर्ड 57 साइबर फ्रॉड की शिकायतें मिली। अकाउंट को लक्ष्य और दूसरे लोग ऑपरेट कर रहे थे। सबसे पहले आरोपी लक्ष्य को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में पता चला कि उसने नेक्स्टओवर्स आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक और नकली फर्म भी बनाई थी। स्कैम से जुड़े दूसरे लोगों को ट्रेस करके गिरफ्तार करने की कोशिशें चल रही हैं। वहीं दूसरे मामले में टीम ने एंजल वन नाम के एक नकली ट्रेडिंग एप के जरिए 53,05,000 की ठगी करने वाले आरोपी रामवीर को पकड़ा। जांच में पता चला कि एक अकाउंट में ठगी के 14,00,000 रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद टीम ने रामवीर को पकड़ा। तीसरे मामले में आरोपी ने खुद को बैंक अधिकारी बताया था और केवाईसी वेरिफिकेशन के बहाने पीड़ित के क्रेडेंशियल हासिल कर लिए थे। उसने एनी डेक्स एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके पीड़ित के डिवाइस का रिमोट एक्सेस हासिल कर धोखे से रिलायंस डिजिटल और फ्लिप कार्ट से 5,75,000 के छह प्रीमियम मोबाइल फोन (चार एप्पल व दो वन प्लस) और एक एप्पल मैक बुक ऑर्डर किये थे। धोखे से खरीदे गए गैजेट कोलकाता फैंसी मार्केट में सप्लाई किए गए थे। जांच में डिटेल्ड टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान की गई। इसके बाद टीम ने राजेश मंडल को पकड़ा।

## मशहूर पान मसाला कंपनी के मालिक की पुत्रवधू ने की खुदकुशी



### आत्महत्या मामले में भाई ऋषभ के संगीन आरोप

पुलिस केस को आत्महत्या मान रही है, पर मायके वालों ने हत्या का शक जताया है। दीप्ति की डायरी में पति अर्पित चौरसिया से विवाद का जिक्र है। भाई ऋषभ ने पति और सास पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दीप्ति का पति उसे प्रताड़ित करता था। पुलिस हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत विहार में एक मशहूर पान मसाला कंपनी के मालिक की 38 वर्षीय पुत्रवधू दीप्ति चौरसिया ने कथित तौर पर अपने घर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक नोट और डायरी में लिखी बातों से संकेत मिलता है कि मृतका की शादी में लगातार अनबन चल रही थी। महिला की शादी 2010 में हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे महिला के पति ने उसे घर में छत से लटका हुआ पाया। वह उसे सफदरजंग अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झगड़ों की वजह से दोनों अलग-अलग घरों में रह रहे थे। जांच के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला जिसमें महिला ने शादी में अनबन का आरोप लगाया था। डायरी जब्त की गई है, जिसमें पति के साथ नियमित रूप से झगड़ों का कई बार जिक्र था। पुलिस ने बताया कि महिला के दो बच्चे हैं। मृतका हाउस वाइफ थी। क्राइम टीम ने मौके का इंस्पेक्शन किया और स्टेटमेंट रिकॉर्ड किए गए है। बीएनएसएस की धारा 194 के तहत आगे की कार्रवाई चल रही है।

## डिजिटल उपकरणों पर निर्भरता से बढ़ रहा है साइबर हमलों का खतरा : प्रो. योगेश सिंह

**नई दिल्ली।** डिजिटल उपकरणों पर निर्भरता से साइबर हमलों का खतरा बढ़ रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) द्वारा इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर, मिनिस्ट्री ऑफ़ होम अफेयर्स के साथ मिलकर "साइबर सतर्कता" नाम के एक महीने का साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस अभियान के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह बात कही। यहां डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्यातिथि और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता एवं इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के निदेशक निशांत कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयूसीसी के निदेशक प्रो. संजीव सिंह ने की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज हम पूरी तरह से मोबाइल फोन, कंप्यूटर और इंटरनेट आदि से जुड़े उपकरणों पर निर्भर हैं।

## वालेंटियर्स और जनता का विश्वास हमारी ताकत : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 'आप' के स्थापना दिवस पर बोले अरविंद केजरीवाल, आज जो भी उपलब्धियां हैं, वो जनता के विश्वास और हमारे सिपाहियों की तपस्या का परिणाम

आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने देश भर के वालेंटियर्स और ईमानदारी की राजनीति में विश्वास करने वाली आम जनता को बधाई दी है। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर देशभर के लाखों साथियों, सभी वॉलंटियर्स और हर उस आम आदमी को दिल से प्रणाम किया, जिन्होंने भरोसा किया कि राजनीति ईमानदारी से भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ये पार्टी नेताओं की नहीं, जनता की पार्टी है। चौपालों से लेकर सड़कों तक हमारे वॉलंटियर्स ने दिन-रात मेहनत करके बदलाव की लौ जलाई है। आज जो भी उपलब्धियां हैं, वो जनता के विश्वास और हमारे सिपाहियों की तपस्या का परिणाम हैं। हम वादा करते हैं कि सच्चाई, ईमानदारी और देशसेवा का ये सफर और भी मजबूती से आगे बढ़ेगा। आपका साथ ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान ने एक्स पर सभी वालेंटियर्स व समर्थकों को आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस की बहुत बहुत मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक तक देश के संविधान की दृष्टि और अधिकारों को पहुंचाने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरकर आई आम आदमी पार्टी ने आम लोगों को न केवल मुफ्त शिक्षा, मुफ्त बिजली और मुफ़्त स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे अधिकार दिए, बल्कि उन्हें अपने हकों के प्रति जागरूक भी किया। आम आदमी पार्टी आज भी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पूरी मेहनत और लगन के साथ लोगों की सेवा की ओर आगे बढ़ रही है और आगे भी इसी तरह बढ़ती रहेगी। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर उन लाखों लोगों को सलाम, जिन्होंने इस आंदोलन को अपना सपना समझकर सीने से लगाया।

## 60 से अधिक स्कूलों की मान्यता हो सकती है रद्द : योगेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित

दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति की बुधवार को निगम मुख्यालय में हुई बैठक में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई। बैठक के बाद शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा और उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस वर्ष अगस्त में शिक्षा समिति का गठन हो जाने के बावजूद शिक्षा विभाग ने 60 से अधिक स्कूलों को मान्यता प्रदान कर दी है, जबकि निगम एक्ट के अनुसार ऐसा किया ही नहीं जा सकता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों में यह प्रावधान है कि समिति के गठन से पहले विभाग केवल 'उचित और सीमित कार्यवाही' कर सकता है, परंतु समिति के अस्तित्व में आते ही विभाग किसी भी प्रकार का निर्णय अकेले नहीं ले सकता। इसके बावजूद शिक्षा विभाग की ओर से नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से मान्यताएँ जारी कर दी गईं। उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने बताया कि इस गंभीर मुद्दे पर समिति ने बुधवार को ही एक प्रस्ताव पारित कर विस्तृत जांच की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इतनी बड़ी कार्रवाई किस निर्देश पर और किन परिस्थितियों में की गई। इसके अलावा, अध्यक्ष योगेश वर्मा ने जोर देते हुए मिड-डे मील आपूर्ति में गड़बड़ियों को लेकर भी निगम ने सख्ती दिखाई है। 21 नवंबर को दो जोनों में निरीक्षण के दौरान अनियमितताएँ पाए जाने पर दो आपूर्तिकर्ता संस्थाओं पर क्रमशः 40 हजार और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### 'आप' ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से सीएम श्री का बोर्ड हटा कर वापस डॉ. अंबेडकर का लगाया

# भाजपा सरकार बाबा साहब का अपमान करना बंद करे देश का दलित समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने संविधान दिवस के अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पर सीएम श्री का लगाया गया बोर्ड हटा दिया और उसकी जगह एक बार फिर बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर का बोर्ड लगा दिया। कोंडली से पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता खिचड़ीपुर स्थित स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आप के




दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर स्कूलों का नाम बदलकर मुख्यमंत्री के नाम पर कर दिया था। बुधवार को संविधान दिवस पर आम आदमी पार्टी के विधायक साथी कुलदीप कुमार ने वापस बाबा साहिब का नाम लगा दिया। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा गरीब बच्चों के उत्थान के लिए बनाए गए स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का नाम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा गया था। इनमें गरीब परिवारों के बच्चे पढ़कर आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बन रहे थे। इन स्कूलों का नाम डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस था। कुलदीप कुमार ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने पहले ही मुख्यमंत्री को चेतावनी दी थी कि इतनी बड़ी गलती न करें जिसकी सजा भी भुगतनी पड़े, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं मानीं। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी पार्टी ने फिर से उन स्कूलों का नाम वापस बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखने का कार्य किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे जाग जाएं और बाबा साहब अंबेडकर का अपमान बंद करें। उन्होंने इसे बाबा साहब के साथ-साथ पूरे दलित समाज का सबसे बड़ा अपमान बताया।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 340 दिनांक 25.11.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - रेखा
पिता/पति- पुत्री कृष्ण
पता - निवासी गांव गढी वल्लब जिला रोहतक
उम्र 18 वर्ष 9 महीने।
कद- 5 फुट 2 इंच।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर।
पहनावा - हरे रंग का सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 25.11.25 को रेखा पुत्री कृष्ण निवासी गांव गढी वल्लब जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9813989995

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 348 दिनांक 21.11.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना अर्बन एस्टेट रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - कृष्ण
पिता/पति- पुत्र उदयसिंह
पता - निवासी गांव बोहर जिला रोहतक
उम्र-49 वर्ष
कद- 5 फुट 6 ईंच।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, दाहिने हाथ पर कृष्ण गुदवाये हुए।
पहनावा सफेद रंग की पैंट, लाल रंग की जर्सी, व पैरों में नीले रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 21.11.25 को कृष्ण पुत्र उदयसिंह निवासी गांव बोहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक 9991760216

पीआरडीएच-1084/11/4150/2026/40647/88/7 दि. 26.11.2025




## खबर संक्षेप

### डीडीए ने रोशनआरा क्लब की सदस्यता के लिए बढ़ाई अंतिम तारीख

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने पुरानी दिल्ली के प्रसिद्ध रोशनआरा क्लब की आजीवन सदस्यता के लिए अंतिम तारीख 15 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी है। इस योजना में नॉन-गवर्नमेंट कैटेगरी में 400 सीट और गवर्नमेंट कैटेगरी में 350 सीट के लिए डीडीए ने आवेदन मांगे है, जो सिर्फ़ ऑनलाइन मोड से ही भरे जा सकते हैं। इस बारे में डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के दिशा निर्देश पर रोशनआरा क्लब की आजीवन सदस्यता के लिए अंतिम तारीख बढ़ाई गई है। जिससे कि अधिक से अधिक लोग आवेदन कर सके। अधिकारी के अनुसार अगर आवेदन तय सीटों की संख्या से ज़्यादा होती हैं, तो सिलेक्शन कंप्यूटर से ड्रॉ के ज़रिए किया जाएगा।

### राजधानी में सर्द सुबह, पारा आठ डिग्री हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान गिरकर आठ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया यह इस मौसम की सबसे सर्द सुबह के रूप में दर्ज हुई। इसके साथ ही दिल्ली में 2022 के बाद नवंबर महीने की यह सबसे सर्द सुबह के रूप में भी दर्ज हुई। इस बारे में भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) आईएमडी ने बताया कि बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहा जो औसत तापमान से 3.3 डिग्री कम है। जबकि मंगलवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। आईएमडी के मुताबिक बुधवार से पहले नवंबर महीने में सबसे कम तापमान 17 नवंबर को दर्ज किया गया था, जब पारा गिरकर 8.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। आंकड़ों के अनुसार, 2024 में नवंबर का सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि 2023 में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस था।

### प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार के पर्यावरण सचिव को सौंपा ज्ञापन पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण के हालात को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर रुख अपना रही है। इसी कड़ी में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनोखा विरोध करते हुए मुंह पर मास्क लगाए और साथ ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर रेखा सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार के पर्यावरण सचिव से मिलकर ज्ञापन पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में यादव के अलावा दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, कृष्णा तीरथ तथा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विधानसभा में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में उभरे दिल्ली: सीपी राधाकृष्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत की राजधानी दिल्ली को उत्कृष्टता का वैश्विक मानक स्थापित करना चाहिए। यह लंदन, वाशिंगटन या किसी और शहर जैसा बनने की नहीं बल्कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में उभरे। यह बात बुधवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिल्ली विधानसभा में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने विट्ठल भाई पटेल के जीवन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का अनावरण भी किया।

इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। इनके अलावा विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, रविंद्र सिंह तथा दिल्ली




सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। साथ ही, असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी, राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल, विधायकगण, वरिष्ठ नेता एवं पार्षदगण भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। संविधान दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाई तथा भारत सरकार द्वारा संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर तैयार तीन मिनट की एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

उपराष्ट्रपति ने विधानसभा भवन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधानसभा भवन स्वयं बोलते हैं और दैनिक विधायी कार्यवाही वैसी होनी चाहिए जैसी एक लोकतंत्र में अपेक्षित है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा द्वारा 24–25 अगस्त, 2025 को अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन के सफल आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के पदभार ग्रहण के शताब्दी वर्ष का स्मरण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विट्ठल भाई पटेल का नेतृत्व स्वतंत्र भारत के सभी पीठासीन अधिकारियों के लिए आदर्श बना हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह भवन कभी साम्राज्यवादी विधायी परिषद एवं प्रथम केन्द्रीय विधान सभा की ऐतिहासिक कार्यवाहियों का साक्षी रहा है, जहां नागरिक अधिकारों, प्रतिनिधिक शासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर महत्वपूर्ण बहसें हुई थीं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक इतिहास को संरक्षित करती है और आने वाली पीढ़ियों को हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और त्याग से जोड़ती है। यह नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाती है ताकि वे संविधान की भावना को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात कर सकें।

उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की दृष्टि और पहल की प्रशंसा की। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल याद करने योग्य ग्रंथ नहीं, बल्कि पालन करने योग्य कर्तव्य है, जो शासन को उत्तरदायी, संवेदनशील और भविष्य केंद्रित बनाता है। कार्यक्रम में सभी गणमान्य अतिथियों ने विधानसभा परिसर में स्थित भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं प्रथम भारतीय निर्वाचित स्पीकर विट्ठलभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## हर भारतीय को एक सूत्र में पिरोता है हमारा संविधान : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय संविधान एक महान ग्रंथ है, जो इतनी विविधताओं वाले देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है। यह विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला है। यह बात बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान 25 भागों में विभाजित है, जिसमें 448 अनुच्छेद शामिल हैं और अब तक 106 संशोधन किए जा चुके हैं।

उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि उनके अद्भुत ज्ञान, गहन अध्ययन और अथक परिश्रम के कारण ही ऐसा मजबूत संविधान बना, जो आज 140 करोड़ भारतीयों के जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि यह संविधान प्रत्येक नागरिक को सम्मान, अधिकार और समान अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस को एक उत्सव बताते हुए कहा कि संविधान का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जो लोग जेब में संविधान लेकर घूमते हैं या उसकी दुहाई देते हैं, उन्हें उसका वास्तविक अध्ययन अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इसमें लिखा हर शब्द भारत के लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि शब्दों और कर्मों में अंतर रखने वाली राजनीति को त्याग कर देश के संविधान का सच्चे अर्थों में सम्मान करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को कॉफी टेबल बुक के विमोचन पर बधाई भी दी, जिसमें भारत के लोकतांत्रिक विकास की लंबी यात्रा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक सभी को पढ़नी चाहिए, क्योंकि इससे देश की लोकतांत्रिक विरासत पर गर्व की अनुभूति होती है। मुख्यमंत्री ने भारत की निरंतर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि संविधान की उंगली थामकर हर भारतीय आगे बढ़े।

## कांग्रेस ने बुराड़ी में निकाली संविधान यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुराड़ी विधानसभा में संविधान यात्रा निकाली। इस मौके पर यादव ने भारत की एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं सहित खुद भी एकता का संकल्प लिया। जबकि दूसरी संविधान यात्रा वजीरपुर विधानसभा में निकाली गई।

संविधान दिवस यात्रा में दोनों विधानसभाओं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। संविधान दिवस यात्रा में देवेन्द्र यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, अ भा का कमेटी सचिव मनोज यादव, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, आदेश भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान की मर्यादा, लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक स्वतंत्रताओं और मौलिक अधिकारों पर किए जा रहे आघात का हम दृढ़ और शांतिपूर्ण विरोध करते है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अन्याय, भेदभाव और अधिकारों के हनन के हर प्रयास को हम अस्वीकार करते है। बढ़ती आर्थिक असमानता, बेरोजगारी और संसाधनों पर कुछ शक्तिशाली समूहों के नियंत्रण के खिलाफ हम संवैधानिक संघर्ष जारी रखेंगे। हम यह भी संकल्प लेते है कि भारतीय लोकतंत्र के सबसे मजबूत हथियार वोट के अधिकार को कमजोर करने, नागरिकों को भ्रमित करने, मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने की किसी भी कोशिश के खिलाफ हम डटकर खड़े रहेंगे। क्योंकि मतदान का अधिकार ही जनता की सबसे बड़ी शक्ति है।

### राज्य निर्वाचन आयोग ने एमसीडी उपचुनाव 2025 के लिए लॉन्च किया गीत

नई दिल्ली। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को आगामी दिल्ली नगर निगम उपचुनाव 2025 के लिए अपना आधिकारिक ऑडियो-वीडियो थीम सॉन्ग "दिल्ली बोले - हर वोट है अनमोल" जारी किया। यह लॉन्च राजधानी में आयोजित एक सादे समारोह में किया गया, जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. विजय देव और संयुक्त सचिव आदेश्वर कांत उपस्थित रहे। राज्य निर्वाचन आयोग ने दोहराया कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और सहभागितापूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों से अपील की कि वे आगे आएं और अपने कीमती वोट का उपयोग अवश्य करें। डॉ. विजय देव ने कहा कि इस थीम सॉन्ग का उद्देश्य हर पात्र मतदाता में जिम्मेदारी और उत्साह जगाना है ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि हर वोट समान रूप से महत्वपूर्ण है और यह निचले स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करता है। संयुक्त सचिव आदेश्वर कांत ने बताया कि थीम सॉन्ग को सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, आउटडोर स्क्रीन और समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रमों में व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा, ताकि 12 वार्डों में होने वाले उपचुनाव से पहले अधिकतम लोगों तक संदेश पहुंच सके। ऑडियो-वीडियो फॉर्मेट में तैयार यह गीत दिल्ली की विविध संस्कृति, एकता और नागरिक कर्तव्य की भावना को दर्शाता है।

## यमुना किनारे साइकिल ट्रैक बनाने की प्रक्रिया में आई तेजी, तीन साल में काम होगा पूरा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सीएम ने वजीराबाद यमुना पुल से एनएच-24 और आगे कालिंदी कुंज बायोडायवसिर्टी पार्क तक प्रस्तावित 53 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक परियोजना को लेकर की समीक्षा बैठक

वजीराबाद यमुना पुल से एनएच-24 और आगे कालिंदी कुंज बायोडायवसिर्टी पार्क तक प्रस्तावित 53 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक बनाने की परियोजना का काम तेजी से चल रहा है और इस काम को पूरा करने का लक्ष्य तीन साल रखा गया है।

इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ट्रैक यमुना के दोनों तरफ बनेगा और संभावित मार्गों से यमुना को पार भी करेगा। डीडीए की इस परियोजना पर मुख्यमंत्री ने विशेष रुचि दिखाई और कहा कि यह साइकिल ट्रैक दिल्ली के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इससे ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा, कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और शहरी ट्रैफिक का दबाव घटेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित साइकिल ट्रेक परियोजना केवल एक परिवहन योजना नहीं, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में डीडीए, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, रेलवे, ऊर्जा विभाग, दिल्ली जल बोर्ड और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में परियोजना के चरणबद्ध निर्माण, विभागीय समन्वय, स्वीकृतियों की स्थिति और कार्य-योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह साइकिल ट्रैक परियोजना केवल एक परिवहन योजना नहीं, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

## नाले में कचरा भरा देख मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

### डॉ. पंकज ने जल बोर्ड के अधिकारियों को एक हफ्ते के भीतर नाले की पूरी तरह से सफाई कराने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मंडावली फाजलपुर इलाके में 15 फीट गहरे नाले में गंदगी और कचरा भरा देखकर मंत्री और पूर्वी दिल्ली के प्रभारी डॉ. पंकज कुमार सिंह दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम और संबंधित विभाग के अधिकारियों फटकार लगाई और जल बोर्ड के अधिकारियों को एक हफ्ते के भीतर गहरे नाले की पूरी तरह से सफाई कराने का निर्देश



दिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशानुसार दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को लक्ष्मी नगर विधानसभा के पांडव नगर (वार्ड -200) क्षेत्र का दौरा कर साफ-सफाई एवं स्वच्छता कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. पंकज ने मंडावली के बुद्ध मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने स्वच्छता अभियान के तहत चल रहे सफाई कार्यों, विशेषकर धूल नियंत्रण और वायु प्रदूषण कम करने के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। पूरे इलाके में घूमकर वर्तमान हालात का जायजा लेने के बाद मंत्री डॉ. पंकज ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिन स्थानों पर धूल जमी हुई है उसे तत्काल निस्तारित किया जाए और वहां पानी का छिड़काव किया जाए। डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि मैं आगामी दिनों में मौके पर आकर पुनर्निरीक्षण करूंगा। सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निगम उपचुनाव : कहीं, मेगा रोड़ शो और जनसभाएं आयोजित

# दक्षिणी पुरी के हर घर को नल से देंगे जल: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणपुरी वार्ड में खड़े हो कर कह कर जा रही हूं कि दो साल में इस क्षेत्र की तीनों चारों विधानसभाओं का काया कल्प करेंगें और हर घर को नल से जल देंगे। बुधवार शाम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिणपुरी वार्ड में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं वार्ड प्रत्याशी रोहिणी राज के साथ मेगा रोड़ शो के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की आंखों में झलकता प्यार बता रहा है कि हम पहली बार दक्षिणपुरी वार्ड जीतने जा रहे हैं। यहां रेखा गुप्ता ने कहा कि पहले कांग्रेस फिर केजरीवाल ने 25 साल



से अधिक संगम विहार, देवली एवं छत्तरपुर जैसी विधानसभाओं के लोगों को गुमराह कर अपना वोट बैंक तो बना कर रखा पर सीवर पानी जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पन्ना प्रमुख कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वह रविवार को मतदान के दिन अपने समर्थक मतदाताओं को लंच टाइम से पहले ही मतदान पूरा करने को प्रेरित करें क्योंकि उपचुनाव में लोग थोड़ा कम रूचि लेते हैं और लंच टाइम बाद अपने निजी कार्यों के लिए निकल सकते हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शाम को विनोद नगर वार्ड के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सम्बोधित किया और कहा कि पन्ना प्रमुख कार्यकर्ता अंतिम 4 दिन में अधिक से अधिक वार्ड वोटरों से निजी सम्पर्क बना कर वोट देने को प्रेरित करें।

### भाजपा सांसदों, मंत्रियों और नेताओं किया घर घर प्रचार

जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह बुधवार सुबह भी भाजपा के सभी प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्ड क्षेत्र में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं के साथ घर घर प्रचार अभियान चलाया। बाहरी दिल्ली के मुंडका वार्ड में प्रचार के दौरान सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने ओबीसी सम्मेलन को सम्बोधित किया, द्वारका बी वार्ड में दिल्ली सरकार के मंत्री डॉ. पंकज सिंह एवं पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने पूर्वांचल समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया। अशोक विहार वार्ड में एक अनुसूचित जाति सम्मेलन हुआ जिसे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार गौतम एवं लाल सिंह आर्य आदि ने सम्बोधित कर मतदाताओं को भाजपा का समर्थन करने को प्रेरित किया। नारायणा वार्ड में दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा एवं पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने पूर्वांचल समाज की बैठकों को सम्बोधित किया और कहा कि हमने जो समर्थन हाल ही में बिहार में भाजपा को दिया है वही दिल्ली में भी दोहराना है।

## एमसीडी उपचुनाव : आतिशी ने आप उम्मीदवारों के लिए मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने बुधवार को विनोद नगर वार्ड नंबर 198, दक्षिणपुरी वार्ड नंबर 164 और संगम विहार वार्ड नंबर 163 से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन पदयात्रा और जनसभा कर एमसीडी उपचुनाव में जनता का समर्थन मांगा। आतिशी ने कहा कि दस महीने में ही भाजपा सरकार से दिल्लीवाले त्रस्त हो चुके हैं और एमसीडी उपचुनाव में कड़ा जवाब देंगे। भाजपा सरकार ने 10 महीने में ही दिल्ली का बंटाधार कर दिया है। बिजली, पानी, सड़क और प्रदूषण समेत हर मुद्दे पर फेल है। टूटी सड़कें, गंदा पानी, ओवरफ्लो



होता सीवर और दमघोटू हवा ही भाजपा सरकार का 10 महीने का रिपोर्ट कार्ड है। जबकि केजरीवाल सरकार ने 10 साल में दिल्लीवालों को फ्री बिजली, पानी, इलाज व महिलाओं को बस यात्रा की सुविधाएं दी। आतिशी ने कहा कि आज दिल्ली में सड़के टूटी है, पानी के बढ़े हुए बिल आने लगे हैं। बिजली कटौती होने लगी हैं। यहां तक कि दिल्ली हवा भी जहरीली हो गई है।

## खबर संक्षेप

### लालच देकर 16 लाख रुपए की ठगी



**फरीदाबाद।** निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 1604992 रूपए की ठगी के मामले में साईबर थाना सैन्ट्रल ने खाताधारक सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-86 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि फेसबुक पर एक महिला से दोस्ती हुई थी। उसने निवेश कर अच्छा लाभ कमाने का लालच दिया बाद में रुपए नहीं मिले।

### हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बाईपास रोड सेक्टर 17-18 कट पर कार चालक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने 1 और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 23 नवंबर को शाम के समय बाईपास रोड सेक्टर 17-18 कट के पास एक कार चालक रविंदर की मोटरसाइकिल सवार लड़कों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

### लूट, हत्या के प्रयास में 10 अपराधी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देश पर हरियाणा पुलिस द्वारा ऑपरेशन ट्रैकडाउन चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 25 नवंबर को ऑपरेशन के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए फिरौती, लूट, हत्या, हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम के मामलों में फरीदाबाद पुलिस ने एक दिन में 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दो देसी कट्टा भी बरामद किए गए हैं। पुलिस की ऑपरेशन ट्रैकडाउन को सफल बनाने में अहम भूमिका है।

---

### गांव सिकंदरपुर में करीब 52 लाख रुपए की परियोजना का शुभारंभ किया

# मेयर डॉ. कौर ने दो करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने बुधवार को नगर निगम के वार्ड 1 और 19 में दो करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि से होने वाले विकास कार्यों की नीव रखी। गांव गड़ी-हरसरू में डेढ़ करोड़ रुपए और गांव सिकंदरपुर में करीब 52 लाख रुपये की परियोजना का शुभारंभ किया।

वार्ड-1 के गांव गढ़ी में बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। जिसकी अनुमानित लागत करीब 61 लाख रुपए है। इसी परियोजना के तहत बाउंड्री वॉल का निर्माण, गांव की फिरनी मार्ग पर आईपीबी टाइल्स लगाने का काम किया जाएगा। इसी गांव में फ्लाईओवर के नीचे नाले पर आरसीसी स्लैब डालने, सीसी रोड तथा आईपीबी टाइल्स लगाने का भी काम किया जाएगा। इस पर लगभग 86 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के पूरा होने के बाद गांव में स्वच्छता और लोगों को आवागमन में लाभ मिलेगा। साथ ही डी-प्लान के तहत गांव के सरकारी स्कूल में पढने वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल की चारदिवारी बनाने का काम भी किया जाएगा। इस काम पर 13 लाख रुपए की राशि का वहन किया जाएगा। इसी क्रम में मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने वार्ड 19 के गांव सिकंदरपुर में भी विकास योजनाओं की नींव रखी गई। सती चौक के पास राजस्व रास्ते पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का शिलान्यास किया गया। इस योजना पर करीब 52 लाख रुपए की लागत आएगी।



दो करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास के दौरान मानेसर की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव एवं अधिकारी उपस्थत थे।

#### अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे

इस मौके पर उनके साथ वार्ड 1 के पार्षद जुगमिंदर, वार्ड 19 के पार्षद रवि यादव, एसडीओ संजोग शर्मा, जेई देवेंद्र रंगा, जेई जयबीर, डॉ विजय यादव, राममेहर यादव, हरिओम, महेंद्र, महावीर, राम नारायण, राज यादव, जीत राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

### आने वाली पीढ़ी भी संविधान के प्रति वफादारी से कार्य करेगी

# भारतीय संविधान दिवस पर ननि ने किया कई कार्यक्रम आयोजित

**कार्यक्रम के अंत में महापौर ने संविधान की महत्ता पर विचार रखे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय में भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल ने की। पार्षदों तथा निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को भी प्रस्तावना का वाचन कराया। कार्यक्रम के अंत में महापौर द्वारा भारतीय संविधान की महत्वता पर विचार रखे गए सभी नागरिकों को समान अधिकार मिला है जिसका सदुपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। उसको समझते हुए संविधान के प्रति सच्ची आस्था निष्ठा रखते हुए प्रतिदिन कार्यों को करना बेहद आवश्यक है जिससे आने वाली पीढ़ी भी संविधान के प्रति वफादारी से कार्य करेगी ।

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, लेखाधिकारी अनुराग,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय,पार्षद आनंद गौतम, पार्षद नितिन कुमार, पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, पार्षद सुभाष चौधरी व अन्य उपस्थित रहे। जिनके द्वारा भारतीय संविधान की प्रति सत्य निष्ठा के साथ शहर हित में कार्य करने के लिए विचार रखते हुए कर्मचारियों को भी जागरूक किया गया । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ अन्य सभी जोनल कार्यालय में भी उत्साह पूर्वक भारतीय संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुए। जोनल प्रभारी ने सभी टीम तथा कर्मचारियों को संविधान दिवस प्रस्तावना का वाचन कराया, गाजियाबाद नगर निगम की स्कूलों में भी भारतीय संविधान पर गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा छात्राओं को भी भारतीय संविधान के प्रति सत्य निष्ठा रखने के लिए जागरूक किया गया, प्रधानाचार्या अंतिमा चौधरी के नेतृत्व में स्कूल की छात्राओं तथा अध्यापिकाओं को भी भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर उत्साहित किया गया, छात्राओं द्वारा दुर्गा भाभी चौक चंद्रपुरी तथा अन्य क्षेत्र में भव्य रैली भी निकाली गई तथा अध्यापिकाओं द्वारा संविधान के विषय पर पोस्टर कंपटीशन का भी आयोजन कराया, भारतीय संविधान में महिलाओं की भूमिका को भी उजागर किया गया।

**कार्यक्रम में अपर आयुक्त सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे**



**डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया**

प्रधानाचार्या अंतिमा चौधरी ने बताया नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम के सभी स्कूलों में भारतीय संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के महान योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

---

### शोएब ने आंतकी डॉ. उमर को दी थी शरण

# एनआईए ने शोएब को किया गिरफ्तार

**धमाके की साजिश में शामिल था शोएब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



दिल्ली में लाल किला के पास कार में धमाके से 10 दिन पहले आतंकी उमर नबी बट के साथ रहने वाला व्यक्ति और कोई नहीं बल्कि धौज गांव का शोएब था। आतंकी मुजम्मिल के पकड़े जाने के बाद इसने ही उमर को छिपने के लिए नूंह में साली अफसाना का मकान अपनी गारंटी पर दिलाया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वह डा. उमर और डॉ. मुजम्मिल का मुखबिर के रूप में काम कर रहा था। शोएब से अस्पताल में काम करने वाले स्टाफ की जानकारी ली जाती थी ताकि और मददगार बनाए जा सकें। विस्फोटक एक स्थान से लेकर दूसरी जगह पहुंचाने में भी शोएब ने आतंकियों की मदद की। धमाके की पूरी साजिश में उसका हाथ था। बुधवार को एनआईए ने शोएब को गिरफ्तार कर सात दिन की रिमांड पर लिया है। उसे यूनिवर्सिटी सहित विस्फोटक छिपाने वाली जगह ले जाएगी। एनआईए ने कुछ दिन पहले शोएब को हिरासत में ले लिया था, लेकिन पूछताछ कर छोड़ दिया। आतंकी मुजम्मिल को रिमांड पर लेने के बाद पुख्ता जानकारी मिली तो शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### आतंकी मुजम्मिल ने ही लगवाई थी शोएब की नौकरी

शोएब धौज गांव का निवासी है तथा इसके पिता शोहराब की मेन बस स्टैंड, मस्जिद के पास मोबाइल वाली गली में दुकान करते हैं। करीब साल भर पहले तक शोएब पिता के साथ दुकान पर बैठता था। एक दिन बीमार होने पर वह रात को यूनिवर्सिटी के अस्पताल में चला गया। वहां पहली बार उसकी मुलाकात डॉ. मुजम्मिल से हुई। मुजम्मिल उससे बातें करने लगा। इस दौरान शोएब को यूनिवर्सिटी में नौकरी दिलाने की बात कही। शोएब ने तुरंत हामी भर दी। शोएब को यूनिवर्सिटी के अस्पताल के मेडिकल वार्ड में आठ हजार प्रति माह वेतन पर वार्ड ब्वॉय की नौकरी दिला दी। इसके बाद जब भी परिवार में किसी के भी बीमार होता तो शोएब मुजम्मिल को फोन पर बात कर दवाई पूछ लेता था। शोएब के जरिये आस-पड़ोस में कोई भी बीमार होता था तो वह मुजम्मिल से अस्पताल में आसानी से इलाज करा देता था। शोएब की डॉ. मुजम्मिल से नजदीकी बढ़ती चली गई। मुजम्मिल शोएब के घर भी गया था। पूरे परिवार से मिलकर आया था। जब भी शोएब को पैसों की जरूरत होती तो मुजम्मिल उसकी मदद कर देता था।

---

### फरीदाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 21 लाख रुपए व दो मोटरसाइकिल बरामद

# 24 घंटे में 25 लाख की लूट की वारदात को सुलझाया, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में 25 लाख की लूट के मामले के कार्रवाही करते हुए 24 घंटे में ही अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

इस मामले में सहायक पुलिस आयुक्त अपराध द्वितीय वरुण कुमार दहिया ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि रोहित कंसल निवासी एमवीएन एथेंस सोसाइटी नजदीक सिही गेट बल्लभगढ़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीए का काम करता है, 24 नवंबर को वह सोहना रोड सेक्टर 25 की लालबत्ती के पास से अपनी स्कूटी पर घर आ रहा था, उसके पास एक बैग में 25,33,000 रुपए रखे हुए थे, समय करीब 6 बजे जब वह सामुदायिक भवन सिही गेट के पास पहुंचा तो वहां पर तीन लड़के मोटरसाइकिल पर आए, जिन्होंने अपने मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था, स्कूटी के आगे मोटरसाइकिल लगा दी, धक्का मारकर मारपीट की और नुकीला हथियार दिखाकर 25,33,000 लूट कर भाग गए। जिस शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ़ में लूट की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में नवीन पुत्र किशन चंद, अभिषेक उर्फ अभी पुत्र लख्मीचंद व अभिषेक पुत्र राजबीर निवासी नारियाला थाना छायंसा के नाम शामिल है।



---

### विशेषज्ञों ने नर्सिंग अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

**फरीदाबाद।** आपात स्थिति से निपटने को यूनिवर्सल अस्पताल की ओर से नर्सिंग अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में नर्सिंग अधिकारियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। महिला रोग विभाग की प्रमुख डा. रीति अग्रवाल ने जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन) से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सीपीआर एक जीवन बचाने की तकनीक है, जिसमें हृदय गति रुकने पर रक्त संचार बनाए रखने के लिए छाती को दबाया जाता है और कभी-कभी बचाव को सांसें भी दी जाती हैं। समय-समय पर सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाती है। जिससे कि अचानक नर्सिंग अधिकारी भी मरीज को जोखिम से बचाने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें मरीज की स्थिति को देखना होता है।

---

### लापरवाही से वाहन चलाने का मामला भी दर्ज

# स्टंटबाजी करने के मामले में 15500 रुपए का ट्रैफिक चालान

**फरीदाबाद।** स्कॉर्पियो गाड़ी से स्टंटबाजी करने के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने 15500 रुपए का चालान किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 नवंबर की रात को स्कॉर्पियो गाड़ी में कुछ युवकों स्टंटबाजी करते हुए वाहन चला रहे हैं, जिसका सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियों वायरल हो रहा है। जिस पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुये यातायात नियम व भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कार्रवाई की है।



उन्होंने आगे बताया कि चालक द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर यातायात पुलिस फरीदाबाद ने कार्यवाही करते हुए पोस्टल चालान जारी किया गया है। वहीं थाना कोतवाली में तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर वाहन चालक के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

---


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरप्रीत सिंह, निदेशक, नौनिध डाइट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, पताः** 19, तृतीय तल, वेस्ट एवेन्यू रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली–26, **यहां भीः** प्लॉट संख्या 409, सेक्टर–57, फोन-IV, एचएसआईआईडीसी, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र, सोनीपत, हरियाणा–131028, ने **CC No. 2808/20, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन करोल बाग, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 2808/20, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन करोल बाग, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **हरप्रीत सिंह, निदेशक, नौनिध डाइट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो। **आदेशानुसार**

**श्री अरविंद तोमर**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07,
कमरा नं0–507, सैंट्रल जिला, एक्सटेंशन ब्लॉक,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15512/CD/2025
(Court Matter)



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर, जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 28 से 33 / व.ले. लि. / 2025 - 26 जांजगीर, दिनांक 12.11.2025 निविदा सिस्टम नं. 179023, 179024. 179025, 179026, 179029, 179030 ( प्रथम आमंत्रण) जिसका जी. क्र. 222604730 दिनांक 15.11.2025 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| स. क्र. | विवरण | पूर्व प्रसारित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | **Bid Start date & time** (The date and time from which bidders start preparation / submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.) | 19-11-2025 [17:31] | 26-11-2025 [17:31] |
| 2 | **Bid Due date & time** (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.) | 03-12-2025 [17:30] | 10-12-2025 [17:30] |
| 3 | **Bid Open, Start date & time** (The date of opening of Envelope - A & B online ) | 04-12-2025 [11:30] | 11-12-2025 [11:30] |
| 4 | **PERIOD OF TENDER WORK.** | 03 Months | 06 Months |

नोटः- निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.)

G-252605047/3


---

### उद्देश्य भारत की राजभाषा हिंदी को विश्व भाषा के रूप में स्थापित करना

# दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में उप निरीक्षक राम कुमार ने तीन कविता पाठ किए



विश्व हिंदी परिषद द्वारा उप निरीक्षक राम कुमार एक प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देने पर उनकी हौंसला अफजाई करते पुलिस आयुक्त डॉ. सतेन्द्र गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत की राजभाषा हिंदी को विश्व भाषा के रूप में स्थापित करवाने के उद्देश्य से सत प्रयासरत विश्व हिंदी परिषद विज्ञान भवन नई दिल्ली में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे विश्व से प्रतिष्ठित हिंदी विद्वान, शिक्षाविद्, नितिनिर्माता और शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यालय पुलिस आयुक्त फरीदाबाद में प्रभारी आरटीआई अपील प्रकोष्ठ के रूप में नियुक्त उप निरीक्षक राम कुमार को भी अधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया गया था, जिनके द्वारा भाषायी स्तर पर वैश्विक एकता अपना उद्बोधन दिया गया। इनके द्वारा उद्बोधन के दौरान इस विषय पर स्वरचित तीन कविताओं का भी पाठ किया, जिनमें जब एक पिता का जग सारा तो, क्यों भाषा न्यारी न्यारी हैं। हिंदी को अपनाके देखो, कितनी मिटें बीमारी हैं।

भाषायी स्तर पर विभिन्नता के कारण उत्पन्न वैश्विक समस्याओं को बीमारी की संज्ञा देते हुए हिंदी को विश्वभाषा के रूप में अपनाने से इस कविता के माध्यम से समाधान देने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त हिंदी भाषा के प्रयोगकर्ता द्वारा ही जाने-अनजाने में हिंदी को नुकसान पहुंचाने और हिंदी के विकास में बाधक कार्यों का उल्लेख करते हुए हिंदी भाषा के भाषी, बस इसना-सा अहसान करो।

---


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लोनिवि भ व प कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट और विभिन्न मकानों में सीलिंग फैन को बदलना और इलैक्ट्रिक रिवायरिंग का प्रावधान + 1 कार्य। | 25.11.2025 01.12.2025 | 15.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (3 अदद 16 पैसेंजर लिफ्ट और 3 अदद 20 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान केवल)। | 25.11.2025 09.12.2025 | 153.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जल सेवाएं (यांत्रिकी) उपमण्डल पानीपत में पीडी ब्रांच और जेएलएन, भैंसवाल, भालोट के प्लेटफॉर्म की मरम्मत करना और भालोट सब ब्रांच के प्लेटफॉर्म की सीढ़ी का प्रावधान व फिक्सिंग। | 25.11.2025 02.12.2025 | ईएमडी 3520 | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | कालांवाली सक्शन में (रबी 2025-26) और चैनलों से गाद को हटाना और आंतरिक तथा बाहरी सफाई के लिए आकलन + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.12.2025 | 73.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235426 btech.sulekha@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रेवाड़ी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरावड़ा, ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी के निर्माण हेतु परामर्शदायी सेवाओं का प्रावधान। | 27.11.2025 02.12.2025 | 2469.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कौलापुर, गांव कौलापुर ब्लॉक पिपली कुरुक्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माणा + 1 कार्य। | 21.11.2025 04.12.2025 | 55.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बसतारा में स्टेडियम के निकट जीटी रोड पर सामुदायिक केन्द्र हॉल (3 एकड़) का निर्माण। | 25.11.2025 06.12.2025 | 294.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | पंचायती राज वृत्त रोहतक (जिला भिवानी, चरखी दादरी, रोहतक, झज्जर और सोनीपत के सभी गांव) और वृत्त, फरीदाबाद (जिला फरीदाबाद, नूह, पलवल के सभी गांव) हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए तृतीय पार्टी निरीक्षण एजेंसी का पैनल तैयार करने के कार्य हेतु ई-निविदा सूचना। | 25.11.2025 04.12.2025 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, रोहतक | लेबर एवं कार्टेज और परिवहन। | 01.12.2025 08.12.2025 | | https://haryanafood.gov.in | 9467511722 dfscroh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/180/40663/I/88/7 दि. 26.11.25

## ध्वजारोहण के बाद श्रद्धालुओं में दर्शन की लालसा बढ़ी

# पहले दिन ही रामलला दर्शन के लिए 2 लाख लोग आए

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के बाद बुधवार को अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। केसरिया आभा में नहाया राम मंदिर मानो दिव्य तेज से जगमगा रहा था।

सुबह की पहली किरण जैसे ही मंदिर शिखर पर लहराते धर्मध्वज पर पड़ी, पूरा परिसर भक्तिरस से आलोकित हो उठा। ध्वजारोहण के बाद श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन की लालसा कई गुना बढ़ गई है। बुधवार को दो लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए।



### हर साल विजयादशमी पर बदली जाएगी धर्म ध्वजा

राम मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धर्मध्वजा फहराया। ध्वजारोहण के बाद अब ध्वज को साल में कितनी बार और कब-कब बदला जाए इस पर मंथन शुरू हो गया है। राम मंदिर में हर साल विजय दशमी पर ध्वज परिवर्तन की परंपरा हो, ऐसे में यह तय है कि विजय दशमी पर धर्मध्वजा बदला जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम इस समय ध्वज बदलने की पूरी प्रक्रिया पर गहन मंथन कर रही है। शिखर की ऊंचाई, हवा की दिशा, ध्वज की चौड़ाई, भार और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा सिस्टम तैयार किया जा रहा है जिससे ध्वज परिवर्तन सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

### रामलला का दिव्य रूप से पहले से अधिक अलौकिक दिखाई दिया

दूर-दूर से आए भक्तों ने बताया कि रामलला का दिव्य रूप पहले से अधिक अलौकिक दिखाई दिया, एक ऐसा अनुभव जिसने मन को गहन शांति, संतोष और भक्ति से भर दिया। मंदिर में गूंजते जयघोष, शंखनाद और कंचन आभा से भरा वातावरण भक्तों को भाव-विभोर करने वाला रहा। प्रशासन ने बढ़ी भीड़ को संभालने के लिए विशेष इंतजाम किए, छह कतारों में श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। मंदिर सुबह सात बजे खुलना था, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पथ पर सुबह पांच बजे से ही जुट गई।

### अयोध्या बना रियल एस्टेट का 'किंग' प्रॉपर्टी में निवेश से तगड़ा मुनाफा

अयोध्या अब आध्यात्मिकता का केंद्र बन चुका है, जिसके कारण धार्मिक पर्यटन यहां की सरकार के लिए कमाई का मुख्य साधन बन गया है। मंदिर में आने वाले पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। यह संख्या अक्टूबर 2025 के मध्य तक 22 करोड़ से ज्यादा हो गई है, जो 2024 के 16.44 करोड़ के आंकड़े से काफी अधिक है। पर्यटकों की बढ़ती रुचि के कारण इस मंदिर शहर में रियल एस्टेट की मांग भी तेजी से बढ़ी है। 2019 के बाद शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में जबरदस्त तेजी आई है, मंदिर क्षेत्र के पास जमीन की कीमतें 5 से 10 गुना बढ़ गई हैं। वहीं शहर के बाहरी इलाकों में कीमतें 4 से 8 गुना बढ़ गई हैं। रियल एस्टेट की कीमतों में यह बढ़ोतरी राम मंदिर के उद्घाटन और बाकी विकास कार्यों के कारण हुई है।

## खबर संक्षेप

### पिकअप से टकराई बाइक पिता-पुत्र की मौत



**लखनऊ।** तंबौर के चकपुरवा गांव के पास बुधवार को एक बाइक पिकअप से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। सिकरी गांव निवासी हरीश मिश्र (40) अपने पुत्र तन्मय (15) के साथ रिश्तेदारों के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम से वापस आ रहे थे। एक बाइक पर हरीश उनका पुत्र व दो पुत्रियां कुल चार लोग सवार थे। चकपुरवा और कम्हरिया के बीच एक पिकअप टेंट का सामान लादे हुए बैक हो रही थी।

### डंपर ने स्कूटी सवार दो को रौंदा, दोनों की मौत



**लखनऊ।** औरैया जिले में सदर कोतवाली की चौकी इंडियन ऑयल के पास बुधवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे स्कूटी सवार महिला समेत दो को डंपर ने रौंद दिया। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषड़ था कि शव के चीथड़े काफी दूर तक हाईवे पर फैल गए। हादसे की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अशोक कुमार सिंह, कोतवाल राजकुमार सिंह फोर्स के साथ मौक पर पहुंचे। दोनों शवों को हाईवे से हटा कर पोस्टमार्टम हाउसे भेजा। पुलिस के अनुसार मृतक जालौन के बताए जा रहे हैं।

### शीघ्र शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आए प्रस्तावों को वरीयता दी जाएगी

# उत्तर प्रदेश में सड़कों की विशेष मरम्मत पर खर्च होंगे 4 हजार करोड़ रुपए

लगभग 6000 सड़कों को विशेष मरम्मत के माध्यम से ठीक करने का खाका खींच लिया गया है। इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करने लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है। सड़कों की विशेष मरम्मत के कार्य में भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आए प्रस्तावों को वरीयता दी जा रही है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अभियान चलाकर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के बाद लोक निर्माण विभाग अब अधिक क्षतिग्रस्त सड़कों को विशेष मरम्मत के माध्यम से ठीक करने जा रहा है।

इस काम पर लगभग 4000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए जिलों से प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। लगभग 6000 सड़कों को विशेष मरम्मत के माध्यम से ठीक करने का खाका खींच लिया गया है। इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करने लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है।

सड़कों की विशेष मरम्मत के कार्य में भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आए प्रस्तावों को वरीयता दी जा रही है। पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष एके द्विवेदी के मुताबिक विशेष मरम्मत के लिए 40 लाख तक की लागत वाले लगभग 6000 कार्य स्वीकृति किए गए हैं। इन 6000 सड़कों की विशेष मरम्मत पर ही 2000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**खास बातें**

- लोक निर्माण विभाग अधिक क्षतिग्रस्त सड़कों को विशेष मरम्मत के माध्यम से करेगा ठीक
- जनप्रतिनिधियों से मिलें प्रस्तावों को वरीयता
- 6 हजार सड़कों को विशेष मरम्मत से ठीक





लखनऊ। क्षतिग्रस्त सड़कों को विशेष मरम्मत के माध्यम से करेगा ठीक।

### एमपी-एमएलए के प्रस्ताव पर 2000 करोड़ से होंगे कार्य

*विभागाध्यक्ष के मुताबिक 26 सांसदों और 32 विधान परिषद सदस्यों से भी सड़कों के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव मिले हैं। इनके प्रस्तावों पर राज्य सड़क निधि से कार्य कराए जाएंगे। इस निधि में लगभग 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था अलग से है। गौरतलब है कि हाल में विधायकों से मिले सड़क व पुल-पुलियों के निर्माण के प्रस्तावों पर काम करने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये के काम स्वीकृत किए गए थे। इन कामों को शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है।*

### लंबे समय से क्षेत्र में दहशत फैला रहा था

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता एक लाख का इनामी नक्सली राजा हेमंत पकड़ाया



एजेंसी ▶▶ रांची

लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य राजा हेमंत असुर इलाके में घूम रहा है।

सूचना के आधार पर एसडीपीओ वेदांत शंकर, 32 बटालियन एसएसबी के निरीक्षक मनीष कुमार चौबे, अजीत कुमार और कुरु थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया।

### राजा हेमंत का लंबा आपराधिक इतिहास रहा

कुडू थाना में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार राजा हेमंत का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ 20 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि वह लंबे समय से क्षेत्र में दहशत फैला रहा था।

### प्रारंभिक पूछताछ में अपना नाम रंजीत बताया

अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया, जिसने प्रारंभिक पूछताछ में अपना नाम रंजीत बताया। तलाशी में उसके पास हथियार और कारतूस मिले। आगे की जांच में उसकी पहचान एक लाख इनामी नक्सली राजा हेमंत असुर उर्फ राजन के रूप में हुई।

## पेज एक का शेष

### स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी...

के साथ ही अन्यत्र स्थानों से आए लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इससे पहले सुबह से ही स्व. द्विवेदी को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। उनके निवास पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी हुए शामिल:** अंतिम यात्रा में शहर व आसपास से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें राजनेता, जनप्रतिनिधि, सांसद, शहर के गणमान्य लोग, मीडिया से जुड़े लोग शामिल थे। पार्थिव शरीर लेकर वाहन जैसे ही मुक्तिधाम पहुंचा, पूरा वातावरण भावुक हो उठा। मुक्तिधाम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौड़, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, डॉ. एएस भल्ला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, एडवोकेट पवन पाठक, डॉ. अशोक मिश्रा सहित शहर के अनेक वरिष्ठ जन मौजूद रहे। इनके साथ ही साथ पारिवारिक सदस्यों में उनके छोटे पुत्र एडवोकेट रवि द्विवेदी व परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे। परिजनों व अन्य लागों ने भारी मन से अपने प्रियजन को अंतिम विदाई दी।

### राष्ट्रवादी मानसिकता के...

संविधान दिवस मनाने की परंपरा को शुरू करने और जारी रखने की पहल शब्दों से परे प्रशंसनीय है।

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने भी इस अवसर पर सभा को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी; राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश तथा संसद सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे । राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी संसदीय प्रणाली की सफलता के एक ठोस प्रमाण के रूप में आज भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत ने आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक हासिल की है, जिससे लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान हमारे राष्ट्रीय गौरव का दस्तावेज़ है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान का ग्रंथ है। यह औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर राष्ट्रवादी सोच के साथ देश को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शक ग्रंथ है। इसी भावना के साथ सामाजिक और तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण कानून लागू किए गए हैं। दंड के बजाय न्याय की भावना पर आधारित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय दंड संहिता लागू की गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि जन अभिव्यक्ति को प्रतिबिंबित करने वाली हमारी संसदीय प्रणाली विभिन्न आयामों में और अधिक सशक्त हुई है। वयस्क मताधिकार के प्रावधान के माध्यम से लोक विवेक में हमारे संविधान के प्रति विश्वास की सफलता की सराहना कई अन्य देशों में भी की जाती है। पिछले कुछ वर्षों में महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या ने हमारी लोकतांत्रिक चेतना को विशेष सामाजिक अभिव्यक्ति दी है। महिलाएं, युवा, गरीब, किसान, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, वंचित वर्ग के लोग, मध्यम वर्ग और नव-मध्यम वर्ग, पंचायत से संसद तक हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में स्वागत भाषण देते हुए लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि भारत के संविधान ने देश की संस्कृति, भाषा, परंपराओं और रीति-रिवाजों की गहन विविधता को साझा लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान में परिवर्तित किया है। उन्होंने कहा कि संविधान राष्ट्र के हृदय और आत्मा के रूप में प्रतिस्थापित है, जो इसके सभ्यतागत ज्ञान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामूहिक आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करता है।

### एक दशक की...

निर्देश दिया था। हाल में पेजारकर ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि उन्हें अब तक राशि नहीं मिली है और यह अदालत के विधिसम्मत आदेशों का जानबूझकर पालन न करने के समान है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि नवंबर 2015 से 18 प्रतिशत ब्याज सहित राशि लौटाने का निर्देश दिया जाए। अदालत ने 15 नवंबर के अपने आदेश में कहा, "यह आश्चर्यजनक है कि अदालत के पूर्ववर्ती न्यायाधीश के आदेश के बावजूद सीबीआई ने लगभग दस साल तक मामले को यूं ही लंबित रखा।" अदालत ने कहा कि एजेंसी स्वयं इस निष्कर्ष पर पहुंच चुकी थी कि पेजारकर के खिलाफ कार्रवाई आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सामग्री नहीं है। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि नोटबंदी 8 नवंबर 2016 को लागू हुई थी, लेकिन जांच अधिकारी ने उन दो महीनों की 'बफर अवधि' में भी राशि लौटाने की कोई कोशिश नहीं की, जब पेजारकर इन नोटों को बैंक में जमा कर सकते थे। अदालत ने निर्देश दिया कि पुराने नोट आरबीआई में जमा कराने के बाद एजेंसी पेजारकर को नयी मुद्रा प्रदान करे। अदालत ने कहा कि पेजारकर वर्षों तक 50,000 रुपये से वंचित रहे, इसलिए सीबीआई उन्हें पांच हजार रुपये का हर्जाना अदा करे।

### शीर्ष कोर्ट ने....

अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी। बाकी सभी मामलों की सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। पश्चिम बंगाल में बीएलओ की मौत के मामले में भी 1 दिसंबर तक जवाब मांगा गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि तमिलनाडु एसआईआर मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। केरल याचिका में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण एसआईआर को स्थगित करने की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बताया कि यह याचिका पहले ही मद्रास हाईकोर्ट में दाखिल है। कोर्ट ने केरल के लिए अलग से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। वहीं, पश्चिम बंगाल याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि एसआईआर के दौरान 23 बीएलओ की मौत हो चुकी है। कोर्ट ने इस गंभीर आरोप पर पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव कार्यालय से भी 1 दिसंबर तक जवाब तलब किया है।

### भारत-इंडोनेशिया के ...

रिश्ते हजारों साल पुराने हैं। दोनों देश समुद्री पड़ोसी हैं और कई सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों को साझा करते हैं। हालिया वक्त में दोनों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की खास बात ये रही है कि इससे दोनों देशों के अलावा कई देशों में सहयोग बढ़ रहा है। जिसमें अक्सर उच्च-स्तरीय बातचीत भी शामिल है। भारत की पूर्व की ओर देखो नीति से इसे और मजबूती मिली है।

### 'अपने दागदार दामन...

है। जिनकी हम घोर निंदा करते हैं। एक ऐसा देश, जिसका खुद अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का दागदार रिकॉर्ड है। उसे किसी दूसरे देश को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। हमें खोखले उपदेश देने की बजाय पाकिस्तान के लिए यह बेहतर होगा कि वो अपने गिरेबान में झांके और खुद के मानवाधिकार के खराब रिकॉर्ड पर ध्यान दे। भारत ही नहीं पूरी दुनिया इस तथ्य से भलीभांति परिचित है कि कैसे पाकिस्तान में मानवाधिकारों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है? जायसवाल ने 26 नवंबर को राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी है।

सदियों के जख्म, दर्द अब भर रहे हैं: उन्होंने कहा कि शुभ मुहूर्त में संपन्न हुआ ये अनुष्ठान हमारे सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता के नए अध्याय का उद्घोष है। राम मंदिर का गौरवशाली ध्वज, विकसित भारत के नवजागरण की संस्थापना है। यह ध्वज नीति और न्याय का प्रतीक हो, यह ध्वज सुशासन से समृद्धि का पथ प्रदर्शक हो और यह ध्वज विकसित भारत की ऊर्जा बनकर इसी रूप में सदा आरोहित रहे। उन्होंने कहा कि सदियों के जख्म और दर्द भर रहे हैं। क्योंकि 500 साल पुराना संकल्प राम मंदिर के औपचारिक निर्माण के साथ पूरा हो रहा है। राम केवल एक व्यक्ति नहीं, एक मूल्य और मर्यादा हैं। भगवान श्रीराम से यही कामना है। जय जय सियाराम।

### लगाया इस्लामोफोबिया का....

ही सवालिया निशान खड़ा कर दिया। जिसमें उसने कहा कि भारत की ध्वजारोहण की यह कोशिश धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने का प्रयास है। जबकि वहां पर मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाता है।

### प्रभु श्रीराम का....

दिल को छू लेने वाला और भावविभोर करने वाला अनुभव भी रहा।

### चीन का यूं ...

बता दिया कि भारत के पूर्वोत्तरी क्षेत्र के एक राज्य अरुणाचल प्रदेश की भारतीय महिला को यूं प्रताड़ित करना द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से मददगार साबित नहीं होगा। यह राज्य भारत का अभिन्न और अपरिहार्य अंग है। जिसे लेकर जमीनी स्तर पर बनी हुई सच्चाई को चीन के किसी भी कदम द्वारा बदला नहीं जा सकता है। चीन को भी इस बारे में भली भांति पता होना चाहिए। यहां बता दें कि प्रेमा बीते 21 नवंबर को लंदन से जापान की यात्रा पर थीं। जिसमें तीन घंटे के ट्रांजिट स्टॉप ओवर के लिए वह शंघाई हवाईअड्डे पर उतरी, लेकिन वहां पर चीन के इमिग्रेशन अधिकारियों ने उनका जन्म स्थान अरुणाचल प्रदेश में होने की वजह से उनके पासपोर्ट को अवैध बताते हुए करीब 18 घंटे की हिरासत में रखा। इस दौरान उन्हें प्रताड़ित भी किया गया।

### सीमाई शांति से ....

सुकून को बनाए रखना जरूरी है। इस संबंध में हमेशा से हमारी राय बिलकुल साफ और एक जैसी रही है। पिछले साल अक्टूबर महीने के बाद से संबंधों की बहाली के लिए दोनों पक्षों ने काम भी किया है और इसी आधार पर हमारे संबंधों में एक स्थिरता आने के साथ ही तरक्की भी हुई है। शंघाई हवाई अड्डे का मामला चीन की मनमानी हरकत था। जो संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं है। उन्होंने ये भी साफ किया कि दोनों देशों के बीच पहले से ही पर्यटक और बिजनेस वीजा जारी किए जा रहे हैं।हसीना के प्रत्यर्पण अनुरोध की जांच जारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश प्रत्यर्पण को लेकर अनुरोध मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि इस संबंध में हमें बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ एक अनुरोध किया गया है। जिसकी हम जांच-पड़ताल कर रहे हैं। समय आने पर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। उधर, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि मुझे उम्मीद है नई दिल्ली, ढाका के अनुरोध पर एक सप्ताह के अंदर जवाब देगी। हमें जवाब मिलेगा। उन्होंने अनुरोध के बारे में बताते हुए कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक ट्रिब्यूनल-1 (आईसीटी-1) द्वारा शेख हसीना को देश में बीते वक्त में हुई हिंसा और मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने के साथ ही दी गई फांसी की सजा के फैसले के बाद बांग्लादेश में हमारे उच्चायोग के माध्यम से नई दिल्ली को इस संबंध में अनुरोध किया गया है। तौहीद ने कहा कि हमारा यह अनुरोध भारत और बांग्लादेश के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि पर आधारित है।

### बातचीत, कूटनीति से ....

प्रकार की शत्रुता को समाप्त किया जाना चाहिए। इसके अलावा दोनों पक्षों व अन्य सभी भागीदारों के बीच समस्या के समाधान को लेकर ईमानदार और व्यावहारिक बातचीत होनी चाहिए। संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही कोई हल निकाला जाना चाहिए। भारत शांति स्थापना के चल रहे तमाम प्रयासों का समर्थन करता है। जिससे अंततः क्षेत्र में शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी हालिया मास्को यात्रा में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा की थी। इसके अलावा उन्होंने यूक्रेन के विदेश मंत्री से भी मामले पर चर्चा की है।

# बाराबंकी: पुल से रेलवे लाइन पर गिरा अनियंत्रित डंपर, इलाके में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ बाराबंकी

बाराबंकी जिले रामनगर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात करीब 9:30 बजे फतेहपुर जाने वाले मार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ करीब 25 फीट नीचे रेलवे लाइन पर जा गिरा। उस दौरा अमृतसर से बिहार जा रही गरीब रथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस चपेट में आने से बाल बाल बच गई। डंपर चालक मलबे में दबा है पुलिस और स्थानीय लोग राहत और बचाव कार्य में लगे हैं।



डंपर को काटकर ड्राइवर को निकाला गया।

### पैसेंजर घबराएं, कोचों में मची अफरा-तफरी

बाराबंकी की ओर से आई ट्रेन बुढ़वल रेलवे स्टेशन से गोंडा की ओर बढ़ रही थी। तब अचानक एक तेज़ धमाके की आवाज़ के साथ झटका महसूस हुआ। पैसेंजर घबरा गए और कोचों में अफरा-तफरी फैल गई। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक लिया। ट्रेन रुकते ही यात्री घबराए हुए बाहर निकले।

### आर्थिक अपराध का मामला

# ताला तोड़ नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी के घर में घुसी ईओयू की टीम




एजेंसी ▶▶ समस्तीपुर

आर्थिक अपराध इकाई ने रोसड़ा ईओ उपेंद्रनाथ वर्मा के होटल आवास पर ताले तोड़कर छापेमारी शुरू की, अधिकारी छुट्टी पर बताए गए। समस्तीपुर में आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने बुधवार को रोसड़ा नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) उपेंद्रनाथ वर्मा के नंद चौक स्थित अतिथि होटल वाले आवास पर छापेमारी की। टीम के अनुसार, जब छापेमारी के लिए आवास पहुंचा गया, तो मकान के ताले बंद पाए गए। कर्मचारियों ने बताया कि ईओ छुट्टी पर हैं।

इसके बाद आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने ताले तोड़कर जांच की तैयारी शुरू कर दी है। जांच की प्रक्रिया जारी है और टीम आवास में संबंधित दस्तावेजों और रिकॉर्ड की समीक्षा कर रही है।

# स्पर्श-ऊर्जा का अनोखा एहसास कराए वूल योगा

योगा करने से तन-मन को लाभ तो होता ही है। लेकिन इन सर्दियों में अगर उसे करते समय वूलेन ड्रेस पहनी जाए तो आपको स्पर्श संवेदना के साथ ऊर्जा का अनोखा एहसास भी होगा। वूल योगा युवाओं को क्यों भा रहा है और इससे किस तरह के फायदे हैं, जानिए।



**योगा ट्रेंड**

दिव्यज्योति 'नंदन'

नवंबर-दिसंबर की ठंडी सुबहें जब कांच-सी पारदर्शी धुंध में लिपटी होती हैं, तब योगाभ्यास करने से अधिकतर लोग कतराने लगते हैं। लेकिन इन दिनों कुछ ऐसे युवा भी हैं, जो गर्म अहसास बनाए रखने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं, उन्हीं में से एक है- 'वूल योगा' यानी ऊनी वस्त्रों के साथ योगाभ्यास की वह शैली, जो तन और मन दोनों को स्पर्श के रोमांच से जोड़ती है।

**योग में स्पर्श का एहसास:** आमतौर पर हम योगाभ्यास को श्वास, आसन तथा ध्यान से जोड़ते हैं। मगर योग का एक बहुत गहरा रिश्ता स्पर्शबोध से भी है। वूल योगा दरअसल, इसी भूले हुए आयाम को फिर से जीवित करता है।



जब शरीर ऊनी वस्त्रों से लिपटा होता है, ऊनी शॉल, ऊनी मैट या ऊनी स्वेटर तब त्वचा केवल गर्म अनुभव नहीं करती, बल्कि एक अनुभव से भी गुजरती है। यह स्पर्श का अनुभव है, जो शरीर को गर्माइश से भर देता है। योगिक दृष्टि से देखा जाए, तो स्पर्श इंद्रिय यानी त्वचा, शरीर की ऊर्जा धाराओं से सीधे जुड़ी होती है। जब हम प्राकृतिक ऊन के रेशों से बने वस्त्र पहनकर ध्यान लगाते या योगाभ्यास करते हैं, तो वह न सिर्फ हमें ऊर्जा या गर्माइश देता है बल्कि प्राणिक ऊर्जा को भी स्थिर करता है।

**शरीर-प्रकृति के बीच पुल:** ऊन को हम सामान्यतः सिर्फ गर्म कपड़े के रूप में जानते हैं, लेकिन योगिक दृष्टिकोण से यह कपड़ा 'जीवित वस्त्र' है। हर रेशा एक सूक्ष्म ऊर्जा वाहक की तरह काम करता है। न बहुत ठंडा, न बहुत गर्म। दरअसल, ऊन शरीर और प्रकृति के बीच ऊर्जा का एक पुल बनाती है। यही वजह है कि आजकल कई योग प्रशिक्षक, युवाओं को सलाह देते हैं कि वे सर्दियों में ध्यान या प्राणायाम करते समय सिंथेटिक की जगह ऊन या खादी के वस्त्र पहनें। क्योंकि इन कपड़ों से हमारे शरीर की त्वचा सांस लेती है और ऊर्जा संतुलित रहती है। इससे ध्यान की अवधि स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

**संवेदना को जगाए:** आज के युवा फैशन को केवल दिखावे के रूप में नहीं लेते बल्कि व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के रूप में भी देखते हैं। वूल योगा इसी मानसिकता का नया विस्तार है। जहां ऊनी शॉल, जूट मैट, हस्त निर्मित जैकेट और मिट्टी के रंग वाले कपड़े सिर्फ पहनावा नहीं बल्कि आपकी संवेदना की बयानगी करते हैं। दरअसल, वूल योगा इसी सौंदर्यशास्त्र का विस्तार है, जहां फैशन ध्यान में घुल-मिल जाता है और ध्यान खुद फैशन बन जाता है।

**मिलती है भीतरी गर्मी:** वूल योगा का सबसे अनोखा पहलू यह है कि यह युवाओं को स्पर्श के रोमांच से जोड़ता है, जो रोमांच किसी शारीरिक उत्तेजना का नहीं बल्कि जीवंतता के एहसास का होता है। जब किसी ठंडी सुबह में आप ऊनी आसन पर बैठकर ध्यान लगाते हैं तो कपड़े का हर रेशा त्वचा को एहसास दिलाता है कि शरीर अभी सचेत और ऊर्जावान है। इस अनुभव में एक गहरी मनोवैज्ञानिक वास्तविकता होती है, क्योंकि आधुनिक डिजिटल युग में हम शरीर से भी दूर होते जा रहे हैं और स्क्रीन ने हमारी स्पर्श संवेदना को कुंद कर दिया है। वूल योगा इसी कुंद हो चुकी स्पर्श संवेदना या टच सेंसेशन से हमें पुनः जोड़ता है। यह एक ऐसी अनुभूति है, जो हमें संवेदनशील होने का एहसास कराती है।

**मिलता है नया अनुभव:** वूल योगा, इस बात का प्रमाण है कि योग कोई जड़ या स्थिर गतिविधि नहीं है। इसे हम नई से नई जीवंत गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। सर्दी के मौसम में युवाओं के लिए यह सिर्फ एक फिटनेस रूटीन नहीं है बल्कि शरीर और कपड़ों के बीच के संवेदनशील संवाद का अनुभव है। इसलिए हर वह युवा जो ऊनी शॉल ओढ़कर ध्यान लगाता है, वास्तव में वह अंजाने में यही कर रहा होता है, जो अपने शरीर को महसूस करता है, वो योग के सबसे शुद्ध संस्करण तक पहुंचते हैं और यह वही जगह है, जहां साधक अपने शरीर, कपड़े और स्पर्श तीनों को योग की अनुभूति में बदल देता है। *



स्पेशल वर्ल्ड एड्स-डे 1 दिसंबर

**डॉक्टर्स एडवाइस**

एचआईवी संक्रमण और एड्स को लेकर अभी भी कई तरह के भ्रम समाज में मौजूद हैं। जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि सावधानी बरतकर और जागरूकता से न केवल इससे बचा जा सकता है, बल्कि नियंत्रित भी किया जा सकता है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं कि एड्स कैसे हो सकता है, इसके लक्षण क्या हैं, इससे कैसे बचाव हो सकता है इसका उपचार कैसे किया जा सकता है?

# जागरूकता-सावधानी से संभव है एड्स की रोकथाम



हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। यह सिर्फ एक वार्षिक अभियान नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने, इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने और संक्रमित लोगों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार की पहल का दिन है। इसका मकसद लोगों को एचआईवी संक्रमण, उसके लक्षण, रोकथाम, उपचार और मिथकों के बारे में सही जानकारी देना है, ताकि समाज में फैले डर, भेदभाव और गलत धारणाओं को खत्म किया जा सके।

## एड्स-एचआईवी में अंतर

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** बताते हैं, 'एड्स और एचआईवी को अकसर एक ही बीमारी माना जाता है, लेकिन सच यह है कि दोनों बिल्कुल अलग अवस्थाएं हैं। एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम पर हमला करता है, जबकि एड्स इस संक्रमण का सबसे अंतिम और गंभीर चरण होता है, जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है और सामान्य संक्रमण भी जानलेवा बन सकते हैं। अच्छी बात यह है कि अगर समय पर एचआईवी की पहचान हो जाए और मरीज तुरंत एआरटी थेरेपी शुरू कर दे, तो वह लंबे समय तक बिल्कुल सामान्य जीवन जी सकता है और एड्स तक पहुंचने से भी बच सकता है। आधुनिक दवाइयां वायरस को पूरी तरह खत्म तो नहीं करतीं, लेकिन उसकी मात्रा इतनी कम कर देती हैं कि वह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती और दूसरे लोगों तक भी लगभग नहीं फैलता।'



## भारत में एचआईवी की स्थिति

अपने देश में एचआईवी की कंडीशन के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. अरविंद अग्रवाल** बताते हैं, 'भारत में एचआईवी की स्थिति के बारे में बात करें तो यह अभी भी एक अहम स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के मुताबिक भारत में लगभग 23 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं और हर साल कई नए मामले सामने आते हैं। हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में संक्रमण कम हुआ है। सरकार और कई संस्थाओं के प्रयासों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और एआरटी दवाएं भी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे मरीजों को काफी मदद मिलती है। इसके बावजूद गांवों और छोटे शहरों में जानकारी की कमी, समाज का डर बना हुआ है, इसे दूर किए जाने की जरूरत है।'

## एचआईवी कैसे फैलता है

एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर के कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** क्लीयर करते हैं, 'एचआईवी कैसे फैलता है, इसे लेकर लोगों में आज भी कई गलतफहमियां हैं, इसलिए सही जानकारी बेहद जरूरी है। एचआईवी संक्रमण सिर्फ चार वैज्ञानिक रूप से सिद्ध तरीकों से ही फैलता है, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित सुई या ब्लेड का उपयोग, संक्रमित खून चढ़ाने से और मां से बच्चे में गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान। इन चार तरीकों के अलावा किसी भी सामान्य गतिविधि से एचआईवी नहीं फैलता। साथ बैठने, साथ खाने, हाथ मिलाने, कपड़े या टूथब्रश जैसे सामान साझा करने, या मच्छर के काटने से यह संक्रमण नहीं होता। फिर भी इन मिथकों के कारण लोग एचआईवी मरीजों से दूरी बनाते हैं, जिससे उन्हें सामाजिक भेदभाव और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। सही जानकारी ही इस कलंक को खत्म कर सकती है।'

## एचआईवी के शुरुआती लक्षण

एचआईवी संक्रमण की शुरुआत में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे लोग इसे सामान्य थकान या मौसम बदलने की बीमारी समझ लेते हैं।




कुछ मामलों में शुरुआती हफ्तों में फ्लू जैसे लक्षण दिख सकते हैं-जैसे हल्का बुखार, लगातार थकान, गले में खराश, शरीर पर हल्के दाने या बिना कारण वजन कम होना। चूंकि ये लक्षण आम बीमारियों जैसे लगते हैं, लोग अकसर एचआईवी टेस्ट कराने से बचते हैं और संक्रमण बढ़ता जाता है। इसी वजह से डॉक्टर सलाह देते हैं कि जोखिम की स्थिति में समय पर एचआईवी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए, ताकि बीमारी को शुरुआत में ही नियंत्रित किया जा सके।

## सावधानी से संभव है रोकथाम

विश्व एड्स दिवस का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। एचआईवी से बचने के लिए कुछ सरल लेकिन बेहद प्रभावी उपाय अपनाने चाहिए, जैसे हमेशा सुरक्षित यौन संबंध बनाना, एक ही साथी के साथ संबंध रखना, किसी भी सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग न करना, केवल जांच किए हुए और प्रमाणित खून ही चढ़वाना और गर्भवती महिलाओं का समय पर एचआईवी टेस्ट कराना। इसके साथ ही जागरूक रहना और दूसरों को भी सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। ये कदम न केवल व्यक्ति को सुरक्षित रखते हैं बल्कि समाज में संक्रमण की रफ्तार भी काफी हद तक कम कर देते हैं।

## सही नहीं भेदभाव करना

हालांकि इलाज और जागरूकता बढ़ी है, फिर भी एचआईवी संक्रमित लोगों को समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्हें नौकरी देने में हिचकिचाहट, घर या स्कूल में दूरी, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक तिरस्कार जैसी चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं, जो बीमारी से ज्यादा मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं। विश्व एड्स दिवस इसी भेदभाव को खत्म करने की अपील करता है। समाज का सम्मान और सहयोग संक्रमित व्यक्ति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्कूलों में यौन शिक्षा देना, युवाओं में जागरूकता फैलाना और संक्रमित लोगों का सम्मानपूर्वक सहयोग करना- ये सभी कदम संक्रमण को कम करने में भूमिका निभाते हैं। यदि समाज एकजुट होकर काम करे तो एचआईवी को रोकना संभव है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### एआरटी थेरेपी है काफी कारगर

एक समय एचआईवी को जानलेवा बीमारी माना जाता था, लेकिन आधुनिक चिकित्सा ने इसकी तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। आज उपलब्ध एआरटी मरीज को लंबा, सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाती है। इससे शरीर में वायरस की मात्रा काफी कम हो जाती है, जिससे संक्रमण दूसरों तक फैलना लगभग रुक जाता है और मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। भारत सरकार भी कई केंद्रों पर एआरटी की दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराती हैं, जिससे लाखों लोग नियमित इलाज ले पा रहे हैं और अच्छा जीवन जी रहे हैं।



# सर्दियों में गर्माहट का एहसास कराए लेमन ग्रास

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

सर्दियों के लिए लेमन ग्रास, बहुत खास हर्ब मानी जाती है। इसलिए इसे सर्दियों की 'वार्मिंग हर्ब' कहा जाता है। क्योंकि यह केवल स्वाद या सुगंध का स्रोत नहीं है बल्कि यह प्राकृतिक रूप से गर्माहट देने वाली जड़ी-बूटी है, इसलिए ठंड के प्रारंभिक दिनों में लेमन ग्रास के सेवन से कई फायदे होते हैं।

**बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता:** लेमन ग्रास में कुदरती रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का गुण होता है, इसलिए सर्दियों की शुरुआत में जब शरीर खांसी, जुकाम और बुखार के संक्रमण से पीड़ित होता है, तब इसका इस्तेमाल लाभकारी होता है। लेमन ग्रास में सिंटल और जेरोनियोल जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, इसलिए ये बैक्टीरिया, वायरस और फंगस से लड़ने की जबरदस्त क्षमता रखते हैं। जब हम सर्दियों में लेमन ग्रास का चाय के रूप में या एरोमा थेरेपी के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो इससे बहुत फायदे मिलते हैं। इससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है और मूड शांत होता है। शुरुआती सर्दियों में लेमन ग्रास का बेहतर उपयोग करने के लिए एक कप पानी में एक इंच लेमन ग्रास का टुकड़ा या फिर इसके सूखे पत्ते डालकर पांच-सात मिनट तक उबालना चाहिए। अगर इस पानी में अदरक, तुलसी और शहद भी मिला दिया जाए, तो फायदे कई गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।



**कई रोगों से बचाए:** लेमन ग्रास की चाय पीने से सर्दी, जुकाम और गले की खराश में राहत मिलती है। पेट की गैस, अपच और भारीपन से भी राहत मिलती है। लेमन ग्रास की भाप या इसकी चाय का नियमित इस्तेमाल करने से हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूती मिलती है। क्योंकि इस मौसम में यह श्वसन तंत्र को खोलती है और हमारे गले की खराश को कम करती है। लेमन ग्रास में एक रासायनिक उत्प्रेरक शक्ति होती है, जिसके चलते यह बलगम को पतला करके उसे शरीर से निकालने में विशेष रूप से मदद करती है। इसलिए कुछ लोग सर्दियों में लेमन ग्रास को कफ फ्रेंडली हर्ब के रूप में भी जानते हैं, क्योंकि लेमन ग्रास का मूल स्वभाव उष्ण यानी गर्म होता है। मतलब यह हमारे रक्त संचार को बढ़ाती है, जो कि ठंड के मौसम में धीमा हो जाता है। लेमन ग्रास की चाय पीने से हमारे शरीर की सुस्ती और ठिठुरन कम होती है। क्योंकि जब हम लेमन ग्रास की चाय पीते हैं तो शरीर में इसके प्रभाव से एनर्जी पैदा होती है और मेटाबॉलिज्म की गति बढ़ जाती है। लेमन ग्रास के कुछ टुकड़ों को दालचीनी और तुलसी के साथ सूप बनाकर पीया जाए, तो बड़ा फायदा मिलता है क्योंकि यह प्राकृतिक डिटॉक्स की तरह काम करता है।

**लेमन ग्रास बाथ:** इस मौसम में गुनगुने पानी में लेमन ग्रास की पत्तियां या तेल डालकर 15 से 20 मिनट तक पैरों को उस गुनगुने पानी में डुबोकर रखें और फिर गुनगुने पानी से स्नान कर लिया जाए, तो थकान की समस्या पूरी तरह से दूर हो जाती है। *

# फिटनेस के लिए डेली करना होता है एफर्ट

**फिटनेस फंडा**

नितिन बाबू



सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में चिराग का किरदार नितिन बाबू निभा रहे हैं। वह अच्छी लाइफ के लिए फिजिकल और मेंटल फिटनेस को बहुत महत्व देते हैं। इसके लिए वे क्या कुछ करते हैं, अपना फिटनेस रूटीन नितिन शेयर कर रहे हैं, अपनी जुबानी।

चिराग की भूमिका निभाना मेरे लिए रोमांचक और भावनात्मक दोनों है। उसका किरदार बहुत गहराई लिए हुए है। ऐसे किरदार को निभाने के लिए मेंटली फिट होना बहुत हेल्पफुल होता है। वैसे भी मैं हमेशा से अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहा हूं और इसके लिए डेली एफर्ट करता रहता हूं।

**डाइट प्लान:** मेरा डाइट प्लान ज्यादातर सिंपल और संतुलित रहता है। सुबह हल्का और हेल्दी नाश्ता करता हूं। इसमें ओट्स, अंडे या फिर फल लेता हूं। दोपहर में घर का बना खाना पसंद है, जिसमें दाल, सब्जी, सलाद और ब्राउन राइस या रोटी होती है। रात का खाना मैं हल्का रखता हूं। दिन भर खूब पानी पीने की कोशिश करता हूं और जंक फूड से जितना हो सके दूर रहता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन, शूट शेड्यूल पर निर्भर करता है। लेकिन मैं सप्ताह में कम से कम तीन दिन जरूर एक्सरसाइज करता हूं। इसमें कार्डियो, वेट ट्रेनिंग और किसी दिन योग या फंक्शनल ट्रेनिंग शामिल होती है। शूट पर भी अगर समय मिलता है तो थोड़ी देर वॉक कर लेता हूं। वर्कआउट मिस नहीं करता हूं।

**मैनेज करता हूं टाइम:** सच कहूं तो वर्कआउट के लिए समय निकालना मुश्किल होता है, लेकिन यह फिट रहने के लिए बहुत जरूरी भी है। इसलिए मैं अपने दिन की प्लानिंग पहले से कर लेता हूं। अगर सुबह शूट हो, तो वर्कआउट शाम को कर लेता हूं। अगर दोपहर या शाम का शूट है तो सुबह वर्कआउट कर लेता हूं। और कभी-कभी सेट पर ही थोड़ा समय निकालकर कोई छोटी-मोटी फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**ऐसे रहता हूं मेंटली फिट:** मेरे लिए शारीरिक के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मैं रोज कुछ मिनट मेडिटेशन या डीप ब्रीदिंग करता हूं। किताबें पढ़ना मेरी हैबिट में शामिल है। परिवार और दोस्तों से बातचीत करना मुझे संतुलित रखता है। इसके आनावा मैं मानता हूं अपने मन की सुनना और खुद को ज्यादा भार या तनाव न देना बहुत मायने रखता है।

**फिटनेस आइडल:** मुझे हमेशा से ऋतिक रोशन और मिलिंद सोमन ने प्रेरित किया है। दोनों सिर्फ शारीरिक तौर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद मजबूत हैं। उनकी लाइफस्टाइल और अनुशासन मुझे यह सिखाते हैं कि फिटनेस एक लंबी यात्रा है। यह निरंतर चलती है, इसमें कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

**रीडर्स को मैसेज:** मेरा सबसे बड़ा फिटनेस मंत्र है- कंसिस्टेंसी इज द की। यानी फिटनेस के लिए आप चाहे कितना भी छोटा कदम उठाएं, लेकिन उसे रोज जारी रखें। फिटनेस सिर्फ जिम जाने से नहीं आती, बल्कि एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से आती है। इसमें हेल्दी डाइट, अच्छी नींद और सकारात्मक सोच शामिल होती है। इसे लगातार फॉलो करना होता है, डेली एफर्ट करना होता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**अवेयरनेस**

अपराजिता

किसी की डेथ के बाद अगर उसके कुछ अंगों का दान कर दिया जाए तो दूसरे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। लेकिन अवेयरनेस के अभाव में ऐसा नहीं हो पाता है। 27 नवंबर, राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर, इस बारे में जानिए।

# अंग दान से मिल सकता है कई लोगों को जीवनदान

आज का दौर, चिकित्सकीय दृष्टि से क्रांति का दौर कहा जा सकता है। पिछले एक दशक में बायो क्षेत्र में जितनी तकनीकी प्रगति हुई है, उतनी शायद ही किसी दूसरे दौर में हुई हो। बावजूद इसके जीवन रक्षा के लिए आज भी तकनीक से ज्यादा जरूरी अंग दान ही है, क्योंकि अंग प्रत्यारोपण की तकनीक तो बहुत तेजी से विकसित हुई है, लेकिन अभी भी कृत्रिम अंगों की वह विश्वसनीयता नहीं हासिल हो सकी, जो आज भी मानवीय अंगों को है। सवाल है, इस बीच में लोगों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने का उपाय क्या हो सकता है? तो इस सवाल का सबसे आसान जवाब यही है अंग दान।

**अंगदान की बढ़ती मांग:** अकेले भारत में ही हर साल 63 हजार लोगों को गुर्दा प्रत्यारोपण यानी किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। लेकिन हर साल अंगदान के रूप में हासिल होने वाली किडनियों की संख्या 3000 से भी कम होती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अंग प्रत्यारोपण की जरूरत जिस रफ्तार से बढ़ रही है। इसी तरह हर साल भारत में 22,000 लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है, मगर मुश्किल से 800 से 900 लोगों को ही अंगदान के जरिए यह सुविधा प्राप्त हो पाती है। भारत में प्रति 10 लाख लोगों के बीच अंगदान की दर 0.3 से 0.8 के आस-पास है।



**अवेयरनेस की है कमी:** सामाजिक जागरूकता और नीति प्रक्रिया की स्थिति कुछ ऐसी है कि सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में अंगदान की गति बहुत धीमी है। इसलिए अंग दान जैसे दिवसों का पहले के मुकाबले आज कहीं ज्यादा महत्व है, क्योंकि इसी बहाने लोगों को अंग दान को लेकर जागरूक किया जा सकता है। इसलिए अंग दान जैसे दिवस भले इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बारे में प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि दुनिया ज्यादा बेहतर और ज्यादा सुखी बन सके।

**पहले से बढ़ी है जागरूकता:** आज विश्व स्वास्थ्य संगठन और चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े तमाम संगठन और संस्थाएं अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम करती हैं, जिसके चलते अब धीरे-धीरे लोगों में यह भ्रम और झिझक खत्म हो रही है और अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बढ़ी है। लेकिन आज भी मांग और उपलब्धि के बीच में बहुत बड़ा अंतर है।

सिर्फ गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु ही दुनिया में कई लाख लोग हर समय प्रतीक्षारत रहते हैं और गुर्दा दान करने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। हालांकि पिछले कुछ सालों में पश्चिमी विकसित देशों में अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बेहतर हुई है और आज औसतन प्रति लाख 20 से 30 लोग अंगदान के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा प्रति लाख 30 लोगों का आंकड़ा स्पेन का है। लेकिन आज भी अंगदान देने वालों और चाहने वालों की संख्या में बहुत फर्क है। इसलिए इस दिन की खास महत्ता है कि लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें समझाया जाए कि अंगदान ही महादान है। इसलिए अंग दान दिवस की महत्ता आज पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। *

### बचा सकते हैं कई लोगों की जान

आज भी शरीर का कोई भी अंग पूरी तरह से कृत्रिम नहीं बनाया जा सका, जो सौ फीसदी कारगर हो। आज भी 99.99 फीसदी अंग प्रत्यारोपण जीवित या मृत लोगों के द्वारा दिए गए अंगों के दान पर ही निर्भर है। ऐसे में कोई भी तकनीक चाहे कितनी ही उन्नत हो जाए, किसी काम की नहीं होगी, जब प्रत्यारोपण के लिए अंग ही न मौजूद हों। यही कारण है कि अंग प्रत्यारोपण दिवस पर पूरी दुनिया में अनेक मेडिकल संस्थाएं और एजेंसियां अंग दान संबंधी कार्यक्रमों के जरिए लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करती हैं। गौरतलब है कि अंग दान के प्रति उदासीनता के कारण हर साल 25 लाख से ज्यादा लोगों की या तो दुर्घटना के चलते या असाध्य बीमारियों के तहत मौत हो जाती है और अगर पूरी दुनिया में लोग अंग दान को लेकर सहज हो जाएं, तो हर साल इतने लोगों को असमय मृत्यु से बचाया जा सकता है।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के मंत्री, विधायक, विधानसभा अध्यक्षों समेत प्रबुद्ध वर्ग ने जताई शोक संवेदनाएं

# स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी का देहावसान देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के



निधन पर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश समेत देश के राजनैतिक दलों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मप्र शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में निष्ठा, सेवा भावना के लिए जाने जाते थे।

श्रद्धा सुमन

नेताओं-प्रबुद्ध वर्ग ने व्यक्त किया गहन दुख | मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ भी दुख में डूबा

*स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी को मिले प्रभु के श्रीचरणों में स्थान*

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने दुख व्यक्त कर शोक संवेदना व्यक्त की। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से दुखी हूं। उनकी आत्मा को प्रभु के श्रीचरणों में स्थान मिले।



### परिवार को दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें ईश्वर

सहकारिता और खेल मंत्री विश्वास सारंग ने आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर दुख व्यक्त कर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कीर्तिनारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनकी आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें, ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।



### विधायक मसूद ने व्यक्त किया शोक

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने शोक व्यक्त कर संवेदना जताई है। मसूद ने कहा कि हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ऊपर वाला परिवार के लोगों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।



### भोपाल महापौर मालती राय ने जताई संवेदनाएं

आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर महापौर मालती राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है और दुख के इस पल में उनके परिजनों के साथ गहरी संवेदना व्यक्त की है।



### छग के सीएम, विस अध्यक्ष समेत इन नेताओं ने भी जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव, धरमलाल कौशिक, छग विस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा मप्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शोक जताया।

### कुलगुरु प्रो.जैन ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरू प्रो एसके जैन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. जैन ने कहा कि श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से मुझे दुख पहुंचा। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। दुख की इस घड़ी में ईश्वर परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### सांसद प्रतिनिधि सुनील यादव ने जताई शोक संवेदनाएं

सांसद प्रतिनिधि व भोजपाल महोत्सव मेले समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि परिजनों को इस दुःख को सहन करने और उससे उबरने की शक्ति प्रदान करें।

### सुभाष रायकवार ने निधन पर शोक व्यक्त किया

निषाद वंशीय मछुआ कल्याण समिति अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



### निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने व्यक्त किया शोक

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। जैन ने दुख के इस पल में उनके परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की।



### दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्रीचरणों में स्थान दें: विष्णु राजौरिया

मध्यप्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजौरिया ने आईएनएच न्यूज़ चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, कीर्ति नारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनकी आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें, ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।



### कीर्तिनारायण द्विवेदी के देहावसान पर कुशवाहा ने व्यक्त किया शोक

प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने आईएनएच न्यूज़ चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।



## विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत करने की मिली स्वीकृति

# मप्र में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव होगा प्रत्यक्ष पद्धति से, कैबिनेट में विधेयक मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश भर के नगरीय निकायों नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से कराने के सरकार के निर्णय को मंजूरी दे दी गई। इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधेयक के रूप में पारित कराया जाएगा। इसके बाद यह कानून बन जाएगा। अभी तक महापौर को छोड़कर नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव दो तिहाई बहुमत के आधार पर चुने हुए पार्षद करते थे। किंतु प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर शिकवा शिकायतों को देखते हुए सरकार ने प्रत्यक्ष पद्धति से चुनाव कराने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से कराने का प्रस्ताव पास हुआ। यानी नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव अब सीधे होंगे। आम नागरिक अपने अध्यक्ष को अपने वोट से सीधे चुन सकेंगे। अभी तक मतदाता अपने वार्ड के पार्षद को चुनते थे। इसके बाद पार्षद मिलकर अध्यक्ष चुनते थे। अब ऐसा नहीं होगा।

**खास बातें**

- दिवंगत निरीक्षक स्व. शर्मा के परिजन को 1 करोड़ रुपए आर्थिक सहायता की स्वीकृति
- छोटे भाई अंकित शर्मा को उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति का निर्णय



### नौकरी व एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

कैबिनेट ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सल मुठभेड़ मे 19 नवम्बर 2025 को वीरगति को प्राप्त हुए निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) आशीष शर्मा, हॉक फोर्स बालाघाट के परिजन को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही उनके छोटे भाई अंकित शर्मा को जिला पुलिस बल में उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। दिवंगत निरीक्षक आशीष शर्मा को 2 बार राष्ट्रपति से वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। इसके पहले वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री की ओर से आंतरिक सेवा पदक और 2023 में दुर्गम सेवा पदक प्रदान किया गया था।

### अध्यक्ष पद के निर्वाचन संबंधी विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति

कैबिनेट ने प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं से कराए जाने संबंधी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2022 में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से वार्डों के निर्वाचित पार्षदों से कराए गए। महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से से कराया जा रहा है।

### मंत्री ने कहा, अधिकारी फोन नहीं उठाते

कैबिनेट की बैठक में अनुपूरक बजट में राशि का आवंटन पर चर्चा के दौरान जीएसटी कलेक्शन में काफी कमी आने का मुद्दा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उठाया। उन्होंने कहा कि अफसर इसमें गड़बड़ी कर रहे हैं। अन्य राज्यों में इतनी कमी नहीं आ रही है। जबकि मप्र में हर महीने एक हजार करोड़ की क्षति हो रही है। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने भी कहा कि लोक लेखा समिति में भी इस पर चर्चा हुई है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि फोन नहीं उठाने के मुद्दे पर सबसे ज्यादा नाराजगी राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री ने कहा कि एसीए, पीएस से बातचीत करने के लिए एक दिन का समय तय कर दिया जाए।

# राष्ट्र को मजबूत और सशक्त करना ही संविधान की मूल भावनाः मुख्यमंत्री

*हरियाणा विधानसभा में संविधान दिवस पर कार्यक्रम में स्पीकर कल्याण व कृष्ण लाल पंवार रहे मौजूद*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

संविधान दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा विधानसभा पहुंचे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि भारतीय संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, न्याय और गरिमा के साथ आगे बढ़ने का अधिकार प्रदान किया है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत, सशक्त और एकजुट करना ही संविधान की मूल भावना है और इसी संकल्प के साथ हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, सुशासन, सामाजिक न्याय और नागरिकों की भागीदारी लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की आत्मा हैं और सरकार की नीतियां इन्हीं सिद्धांतों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज संविधान पूरी तरह सुरक्षित है और



'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास' संविधान की भावना का सच्चा प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे ने संविधान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि देशहित और संविधान की गरिमा सबसे ऊपर है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से संविधान में निहित मूल कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथ में है और युवाओं को संविधान की समझ के साथ समाज और देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन का संकल्प लेना चाहिए।

### विकास पर्व के लिए 25 नवंबर से बड़ा दिन नहीं हो सकताः रामेश्वर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज जब मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 194 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ हो रहा है तो दूसरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम मंदिर पर भगवा ध्वज फहरा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास पर्व के लिए आज 25 नवंबर से बड़ा दिन कुछ नहीं हो सकता। रामेश्वर ने गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा में विकास कोई चुनावी वादा



नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति हमारा संकल्प है। आज जो सौगात मिली हैं, वह शिक्षा, स्वच्छता, खेल और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में लंबे समय तक प्रभाव डालने वाली है।

### सातवीं मंजिल से अचानक नीचे गिरी लिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के डीडी नगर इलाके में स्थित इंद्रप्रस्थ फेस–2 अपार्टमेंट में मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया।

परिसर में लगी लिफ्ट अचानक सातवीं मंजिल से बेकाबू होकर नीचे गिर गई। हादसे के वक्त लिफ्ट में दो महिलाएं सवार थीं। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लिफ्ट को अचानक फ्री-फॉल की तरह नीचे गिरते हुए देखा जा सकता है। हालांकि बड़ी राहत की बात यह है कि दोनों महिलाएं सुरक्षित बताई जा रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिलाएं ऊपर जा रही थीं तभी अचानक झटका लगा और लिफ्ट तेज आवाज के साथ नीचे जा गिरी।

### सूदखोरों के खिलाफ फिर केस दर्ज, 10.50 लाख का सामान ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में सूदखोर और हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं की धमकियों और जबरन वसूली का एक और मामला सामने आया है। देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने कारोबारी संजय चांडक की शिकायत पर विरेंद्र सिंह तोमर और रोहित तोमर के खिलाफ आठवां केस दर्ज किया है।

यह घटना वर्ष 2021 की बताई जा रही है, लेकिन पीड़ित ने लगातार धमकियों के कारण अब मामला दर्ज कराया है। कार्यकर्ता संजय चांडक ने पुलिस को बताया कि आरोपी विरेंद्र और रोहित तोमर उनकी दुकान से धमकी देकर बैडशीट, पर्दे सहित करीब 10 लाख 50 हजार रुपए का सामान ले गए थे। रकम मांगने पर दोनों ने खुद को करणी सेना का अध्यक्ष बताकर दुकान बंद करवाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। लगातार दबाव और धमकियों के चलते व्यापारी परेशान रहा। पुलिस के अनुसार विरेंद्र सिंह तोमर इस समय जेल में बंद है, जबकि उसका भाई रोहित तोमर पिछले 5 महीनों से फरार है। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## 1000 नई समितियां बनीं, 585 समितियों को बनाया गया गतिशील

**प्रदेश में 700 पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही अंतिम चरण में**

# गो पालन को बढ़ावा देने डेयरी विकास दुग्ध उत्पादन बढ़ाएं, पशु चिकित्सा सेवाओं का किया जाए विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गोपालन को बढ़ावा देने के कार्य निरंतर संचालित किए जाएं। दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होना चाहिए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन और डेयरी विभाग सभी कार्य सुनिश्चित करें।

पिछले दो वर्ष में डेयरी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी अर्जित हुई हैं। इन्हें निरंतर कायम रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए हैं।

**मुख्यमंत्री ने पशुपालन और डेयरी विभाग की समीक्षा की**

### पशु चिकित्सा कार्य को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु चिकित्सा एक महत्वपूर्ण आयाम है, इसकी अवहेलना नहीं होना चाहिए। पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार आवश्यक है। राज्य के पशुधन के मान से चिकित्सक और सेवा भावी स्टॉफ की व्यवस्था से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### सहकार्यता अनुबंध के बाद बनी मैनेजमेंट कमेटी

बैठक में जानकारी दी गई कि 13 अप्रैल को मप्र शासन, एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन, संबंद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सहकार्यता अनुबंध हुआ है। इसके परिपालन में दुग्ध संघों में मैनेजमेंट कमेटी का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग कमेटी में डेयरी डेवलपमेंट प्लान शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश तृतीय स्थान पर रहा है।

### 700 पदों पर नियुक्ति शीघ्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लोकसेवा आयोग से शीघ्र ही 200 पशु चिकित्सकों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है। इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल ने 500 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के पदों की पूर्ति के लिए परिणाम घोषित किए हैं। इनकी पदस्थापना भी शीघ्र हो जाएगी। आगामी वर्ष 735 पशु चिकित्सालय स्थापित करने की प्रक्रिया भी संचालित है। बताया गया कि प्रदेश में गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए राशि दी जा रही है।

**बनाएगी 1000 बेड वाला चैरिटी अस्पताल, मुख्यमंत्री साय से मिले कंपनी के चेयरमैन**

# छत्तीसगढ़ में 1200 करोड़ निवेश करेगी एपीएल अपोलो इंडस्ट्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में एपीएल अपोलो इंडस्ट्रीज ग्रुप ने बड़े औद्योगिक निवेश की घोषणा की है। कंपनी के चेयरमैन संजय गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और नए औद्योगिक संयंत्र स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। प्रदेश की नई औद्योगिक नीति, बेहतर औद्योगिक माहौल और तेजी से विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है।



इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए कंपनी ने राज्य में बड़े पैमाने पर विस्तार की योजना तैयार की है। प्रस्तावित निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान कंपनी ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की भी घोषणा की। वह राज्य में 100 बिस्तरों वाला एक आधुनिक चैरिटी अस्पताल स्थापित करेगा। इस अस्पताल का उद्देश्य आम जनता को किफायती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### *केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात*

*मुख्यमंत्री साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर प्रदेश में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए प्रोजेक्ट की प्रगति और चल रही परियोजनाओं के शीघ्र पूर्ण करने संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आग्रह किया कि राज्य में स्वीकृत सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि लोगों, उद्योगों और व्यापार जगत को बेहतर, तेज और सुरक्षित परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे मंत्रालय छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्रियाशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 47,447 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख रेल परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा, गेवरा-पेंड्रा, रावघाट-जगदलपुर, खरसिया-धरमजयगढ़ तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेंगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक पुनर्विकास भी तीव्र गति से जारी है, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।*

### औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक व पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल कारिडोर वाले राज्यों में शामिल होगा और कनेक्टिविटी का यह विस्तार औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक व पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत और वाणिज्य व उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार उपस्थित रहे।

## चिंतन

# अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक

एक बहुत पुरानी कहावत है 'कुत्ते की दुम' को 12 साल भी पाइप में रखो तब भी सीधी नहीं होती। यही हाल पाकिस्तान का भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के घाव पूरी तरह से भरे भी नहीं हैं कि उसने फिर से भारत के अंदरुनी मामलों में दखल देने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या में श्रीराम मंदिर पर ध्वजा क्या फहराई, पाकिस्तान के पेट में दर्द हो गया। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी। तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। अब यूएन में अपील दायर कर पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने भी मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहासिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने यूएन और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। जबकि सच्चाई इससे कोसों दूर है। भारत पर आरोप लगाने वाले पाकिस्तान को यह सब कहने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की अनेक घटनाएं हुईं, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का लंबा इतिहास है। कौन नहीं जानता है उत्पीड़न से परेशान होकर पाकिस्तान के हजारों हिन्दू परिवार भारत में शरण लिए हुए हैं। यहां तक कि इमरान खान की पार्टी से सांसद रहे डिवाया राम तक वहां हो रहे शोषण से दुःख होकर भारत भाग आए और आजकल हरियाणा के फतेहाबाद में मूंगफली बेच कर जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे ही एक पाकिस्तान के एक हिन्दू पुलिस अधिकारी भागकर पंजाब आ गए और कई सालों से यही रह रहे हैं। जिस देश में अल्पसंख्यक सांसद और पुलिस वाले ही सुरक्षित न हो, वहां आम आदमी के हालात के बारे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे देश को दूसरे को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। भारत सर्वधर्म पर विश्वास करने वाला देश है। हमारा संविधान सबको सामान अधिकार देता है। पाकिस्तान किसी धर्म विशेष की बात करके केवल और केवल भारत में अलगाव को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगा है। जिसमें वो कभी कामयाब नहीं हो सकता। क्योंकि नया भारत उसके हर मंसूबे से वाकिफ है।



चिंतन
डॉ.रमेश ठाकुर

> इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दु:ख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

# गुमशुदगी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक

रहस्यमय ढंग से गुमशुदा होते लोगों को धरती निगल रही है या आसमान खा रहा है? ये सवाल गुजरे बीते महीनों से सभी के जुबान पर हैं। अनसुलझी पहेली जैसा बना हुआ है यह विषय। भारत में गायब लोगों के आंकड़ों में करीब 42 फीसदी का इजाफा हुआ है, जो अपने आप में अचंभित करता है। बीते सप्ताह आई 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' की रिपोर्ट में भी बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट की मानें तो इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुगदी मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर काबिज कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है, लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दुःख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

उत्तराखंड के हालात तो और भी खराब हैं। वहां रोजाना तीन लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे हैं, उनका भी रिकवरी रेट बहुत कम है। असंख्य लोगों का गायब होना और किसी का सुराग ना लगना? अपने आप में चौकाता है, जबकि, वर्षों से निर्धन या अति पिछड़े देशों में गायब लोगों के संबंध में हम सुनते आते थे, जिनमें अफगानिस्तान, बलूच, पाकिस्तान, बाग्लादेश, योगांडा व कुछ अफ्रीकी देश शामिल थे। लोगों के गायब होने खतरा भारत में एकाध दशकों से ज्यादा मंडराया है। मेघालय, सिक्किम जैसे शांत प्रदेशों तक से लोग लापता हो रहे हैं। वहीं, दिल्ली में इसी साल पिछले मात्र 210 दिनों में 8 हजार के करीब लोग गायब हुए, जिनमें सिर्फ 290 लोग ही खोजे जा सके। सवाल उठता है कि उन्हें आसमान निगल गया, या धरती खा गई?

गुमशुदगी को लेकर विभिन्न प्रदेशों की सरकारों से लेकर प्रशासन और पुलिस महकमा भी अनोखी थ्योरी को सुलझाने में नाकाम है। खोजबीन व तमाम कोशिशों के बावजूद भी उनकी जांच-पड़ताल बेनजीता साबित हो रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद भी लापता लोगों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुमशुदगी के ताजे आंकड़े एनसीआरबी के अलावा 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क' (जिपनेट) ने भी जारी किए हैं, जिनसे न सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली है, बल्कि जनमानस में भी डर बैठा है। जहां आंकड़े बढ़े बताए गए हैं वहा के वासी कुछ ज्यादा ही डरे हुए हैं, उन्हें अपनी और अपने परिजनों की चिंता समाने लगी हैं। आंकड़ों में ऐसे अनगिनत नौनिहाल भी हैं जो या तो पार्कों में खलने गए या ट्यूशन से पढ़कर वापस ही नहीं आए। बिहार, पंजाब, राज्यस्थान, तेलंगाना, हरियाणा में 2022-23 और 2023-24 के आंकड़ों में 22 फीदसी बढ़ोतरी भी चिंता बढ़ाती है।

गायब व्यक्तियों के प्रस्तुत आंकड़ों में जिपनेट ने एक और बात डरावनी कही है। विक्षिप्त किस्म के और बुजुर्ग वर्ग के जितने भी शव पुलिस को बरामद हुए उनमें चौकाने वाली बात यह निकली, उन ज्यादातर शवों में किडनियां गायब मिली हैं। ये मामला सीधे-सीधे मानव तस्करी और किडनी गैंग से जुड़ा प्रतीत होता है। समय-समय पर ऐसी खबरें आती ही रहती कि बड़े अस्पतालों




में अप्रत्यक्ष रूप से किड़नी गिरोह सक्रिए हैं? जो किडनियों की डिमांड को पूरा करने के लिए बुजुर्गों, मजदूरों, विक्षिप्तों व निर्बलों को टारगेट करते हैं। देशभर के नामी बड़े अस्पताल इन हरकतों में बदनाम रहे भी हैं। किडनी चोर का बड़ा गैंग कुछ वर्षों पहले एक्सपोज भी हुआ था, जिसके आका को पुलिस ने नेपाल से धरा था। 2024-25 के लापता आंकड़ों में पश्चिम बंगाल व असम के हालात तो और भी डरावने बताए गए हैं। गुमशुदगी के आंकड़े वैसे तो देश भर से सालाना या महीनों के हिसाब से पेश होते ही हैं, जिनमें एकाध या दर्जन भर लोगों के ही गायब होने की सूचनाएं होती हैं।

गौरतलब है कि गायब लोगों के मामलों में दिल्ली का आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। 1 जनवरी से लेकर 23 जुलाई 2025 के बीच 7 हजार 880 लोग गायब हुए हैं। इससे केंद्र भी चिंतित है। खुदा-न-खास्ता अगर ये गति समूचे देश में फैल गई तो कोहराम मच जाएगा। इसे किसी भी सूरत में रोकना होगा। व्यक्तियों के परिजन पुलिस थानों में चक्कर काटते हैं। मामले फाइलों में धूल फांकते रहते हैं। परिजन खुद से भी कोशिश करते हैं, पर सफलता उन्हें भी नहीं मिल रहीं? गुमशुदगी मामलों में 'संयुक्त राज्य अमेरिका' सदैव अव्वल रहा था। दूसरे नंबर पर भारत है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रत्येक घंटे में 88 महिलाएं, बच्चे और पुरुष गायब हो रहे हैं, यानी रोजाना 2,130 और हर महीने 64,851। 2022 से लेकर 2024 के बीच इन आंकड़ों में बेहताशा उछाल आया। ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले महानगरों में गति ज्यादा है। लापता में सर्वाधिक संख्या बच्चों और महिलाओं की है। पुरुष भी हैं, लेकिन बच्चियों और महिलाओं से कम।

कानाफूसी ऐसी भी है कि लापता लोगों को पकड़ने में कुछ गिरोह सक्रिए हैं। जो मानव तस्करी के अलावा, भीख मंगवाने जैसे कृत्यों में गायब लोगों को डाल रहे हैं। जहां तक दिल्ली में गायब लोगों की बात है तो दूसरे राज्यों के मुकाबले वहां सुरक्षित हमेशा चौकन्नी रहती है। बावजूद इसके ऐसा हाल? ताज्जुब यह भी है कि ऐसी घटनाएं हाई सिक्योरिटी जोन जैसे संसद मार्ग, चाणक्यपुरी, कनेटप्लस, तिलक मार्ग क्षेत्रों में हो रही हैं। जो क्षेत्र चौबीसों घंटे सीसीटीवी के निगरानी में हैं। प्रशासन बरामदगी को लेकर खाली हाथ है। वहां गायब हुए लोगों के आंकड़ों को जिपनेट जैसी विश्वसनीय संस्था ने उजागर किए हैं जो इस क्षेत्र में माहिर बताई जाती है। संस्था एक केंद्रीकृत डेटाबेस है जिनके आंकड़ों का प्रयोग, पुलिस, कोर्ट व कानूनी प्रक्रियाओं और जांच एजेंसियां करती हैं। अज्ञात शवों का भी विश्वसनीय डाटा उनके पास होता है। संस्था विभिन्न थानों, सरकारी संस्थाओं और प्लेटफार्मों से डाटा एकत्र करती है। जिपनेट के आंकड़ों पर एनसीआरबी की रिपोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। समूचे भारत में फैली गायब होने की गति को थामना होगा। इस सरकार का कहना कि भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है, इसलिए ये आंकड़े बड़े लगते हैं। पर, ये चिंता व्यक्त करने का मुकम्मल तरीका कतई नहीं हो सकता। एक भी व्यक्ति का गायब होने का मतलब है सिस्टम की कार्यशैली पर सवाल उठाना। रिवकरी की स्पीड बढ़नी चाहिए, सुरक्षा तंत्र को चौकन्ना करना होगा। दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करनी होगी। गायब लोगों में अभी तक पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे राज्य ही बदनाम थे। लापता लोगों के कम रिकवरी रेट पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। दरअसल, ये ऐसा मानवीय पहलू है जिस पर सभी को गंभीरता से विमर्श करने की आवश्यकता है। ये ऐसी समस्या है जो किसी के भी दरवाजे पर आकर दस्तक दे सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

---

नक्सलवाद
उज्ज्वल दीपक



# राजनीतिक इच्छाशक्ति ने बंदूक की आवाज को दबा दिया

भारत में नक्सलवाद की समस्या दशकों तक एक ऐसे घाव की तरह रही है, जिसे देश ने बहुत दर्द के साथ झेला। हिंसा द्वारा लोकतंत्र को चुनौती देने का वामपंथी उग्रवादियों का लंबा इतिहास रहा है। इस तथाकथित 'विचारधारा की लड़ाई' ने प्रभावित क्षेत्रों में न सिर्फ विकास ठप किया बल्कि पिछले चार दशकों में हिंसा के चलते 16,000 से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों ने जान गंवाई हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के कड़े निर्णयों की वजह से वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव आज बहुत सीमित हो चुका है और लड़ाई अब अंतिम दौर में पहुँच चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की राजनैतिक प्रतिबद्धता और सुरक्षाबलों द्वारा लंबे और चुनौतीपूर्ण अभियानों ने नक्सलवाद की रीढ़ को अब तोड़ दिया है और उसे ऐसे मोड़ परला खड़ा किया है जहाँ से वापसी लगभग असंभव है। आदिवासियों के हक की बातें करने वाले तथाकथित गैर सरकारी संगठन एवं विदेशी वित्तीय सहायता से पनप रहे कुछ अर्बन नक्सलियों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा का दंभ भरने वाले कई संगठन भी नक्सल पीड़ित क्षेत्रों में दोहरा चरित्र प्रदर्शित करते हैं। विडम्बना यह है कि उग्रवादियों ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई की आड़ में विकास कार्यों का अवरोध किया और स्कूल, अस्पताल एवं सड़कों के निर्माण होने से रोका है। दशकों से कांग्रेस सरकार की वामपंथियों के प्रति सहानुभूति, जिसकी वजह से उपजी विफलता और शोषण के फलस्वरूप ही इतने वर्षों तक आदिवासी समुदाय को वामपंथी उग्रवाद दिग्भ्रमित करने में सफल होता रहा है। प्रभावित दूरस्थ अंचलों तक सुशासन की पहुँच ने आज जनता के दिल में सरकार के प्रति विश्वास का सेतु निर्माण किया है। वामपंथी उग्रवाद ऐतिहासिक रूप से ऐसे क्षेत्रों में पनपा जहां पर गरीबी ने अपनी जड़ें जमा रखी थी। उनके विचार से प्रभावित समूहों ने गरीबी से प्रभावित लोगों की असंतुष्टि को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल करके यहां पर उग्रवाद के बीज बोए थे। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने की वजह से सुरक्षा संस्थाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। परन्तु 2014 के बाद स्थिति बदली। मोदी सरकारकी गरीब कल्याण की योजनाओं का प्रसार इन क्षेत्रों में भी हुआ और लोगों को यह विश्वास हुआ की सरकार ही उनकी सच्ची हितैषी है, न कि उग्रवादी! विकास से जन भागीदारी के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रभावित क्षेत्रों में गरीब कल्याण और विकास के लिए योजनाओं पर अतिरिक्त जोर देकर सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की है। आत्मनिर्भर नए भारत में विकास और शांति के सन्देश के साथ गृह मंत्रालय ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए तीन आयामी रणनीति बनाई। "बेहतर रणनीति से उग्रवादियों पर लगाम", "बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय" और "विकास से जन भागीदारी"। इस तीन आयामी रणनीति से वामपंथी उग्रवाद पर लगाम कसने में ऐतिहासिक सफलता मिली है जो कि आंकड़ों से परिलक्षित होती है। पिछले 35 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद से सबसे कम हिंसक घटनाएँ और 40 वर्षों में सबसे कम मृत्यु इस वर्ष रिपोर्ट की गई। इन अभियानों में छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, बीएसएफ और अन्य बलों ने निर्भीकता, सामरिक बुद्धिमत्ता और निरंतर कार्रवाई से यह साबित किया कि लोकतंत्र पर उठने वाली किसी भी बंदूक को शांत किया जा सकता है बशर्ते राजनीतिक इच्छाशक्ति ठोस और स्पष्ट हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीति, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ प्रतिबद्धता, आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा के स्थानीय स्तर पर प्रभावी नेतृत्व ने इस सफलता को संभव बनाया। केंद्र और राज्य के बीच ऐसा तालमेल शायद इससे पहले कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में देखने को नहीं मिला था। इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व का समाप्त होना है। हिड़मा जिसे नक्सलियों का सबसे कुख्यात, सबसे क्रूर और सबसे रणनीतिक मास्टरमाइंड माना जाता था, अब इतिहास का हिस्सा है। हिड़मा की मौत सिर्फ एक व्यक्ति का अंत नहीं, बल्कि नक्सली आतंक के उस मनोवैज्ञानिक तंत्र का पतन है जो दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय का शासन चलाता रहा। नक्सलियों के सबसे मजबूत हथियारबंद संगठन पीएलजीए बटालियन, सीआरसी कंपनी और दक्षिणी कमेटियों का एक-एक कर धराशायी होना इस बात का ठोस प्रमाण है कि उनके कमांड – एंड - कंट्रोल की पूरी संरचना ढह चुकी है। नक्सल आंदोलन के सबसे ऊपरी स्तर पर बैठे लगभग सभी प्रमुख चेहरे या तो मारे जा चुके हैं, या सुरक्षा बलों के सामने हथियार डाल चुके हैं। कई क्षेत्रीय कमांडर, डीवीसी सदस्य और तकनीकी विंग के विशेषज्ञों ने भी आत्मसमर्पण का रास्ता चुना है। नक्सलियों की महिला कैडर तक के बड़े समूहों ने सुरक्षा बलों के दबाव में और जीवन की कठोर परिस्थितियों से तंग आकर शरण ली है।

-लेखक एमपीए, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में है

---

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।


## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पाकिस्तान ने किया धर्मध्वजा का विरोध

भारत की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएँ सदियों पुरानी हैं। यहां विविधता, सहिष्णुता और संविधानिक सुरक्षा ने हर धर्म, हर संप्रदाय को फलने-फूलने का अवसर दिया है। इसके उलट, पाकिस्तान की राजनीति अक्सर धार्मिक ध्रुवीकरण,अल्पसंख्यकों के दमन और भारत-विरोध पर आधारित रही है। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत में मुस्लिम विरासत मिटाने और बाबरी मस्जिद की जगह मंदिर निर्माण के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में दखल की धमकी भी दे दी। परंतु, क्या पाकिस्तान अपनी दायर की गई इस शिकायत में नैतिक रूप से खड़ा हो सकता है? क्या वह स्वयं अपने देश में हुए अल्पसंख्यक उत्पीड़न की भयावह सच्चाई से आँख मिला सकता है?

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि



संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विश्वास स्थापित



भारत भाषाओं, संस्कृतियों, परम्पराओं तथा मान्यताओं से भरा एक विस्तृत संसार है। संविधान ने इन सभी विविध धाराओं को एक सूत्र में पिरोकर हमें एकजुट करने का अद्भुत कार्य किया है। यही संविधान हमें 'हम भारत के लोग' के रूप में जोड़ता है और विश्वास स्थापित करता है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### विस्तार से चर्चा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में कृषि, बागवानी क्षेत्र में पतंजलि द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने जेवर फूड पार्क को विस्तार देने पर चर्चा की।

- आचार्य बालकृष्ण, आयुर्वेदाचार्य

### हर नागरिक से वादा



भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा।

- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा शुरू



ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने मंगलवार से 27 साल की जेल की सजा काटना शुरू कर दिया। बोल्सोनारो को 2022 का राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश का दोषी पाया गया था। इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे दे मोरेस ने आदेश दिया कि बोल्सोनारो को उसी संघीय पुलिस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां वह देश छोड़कर भागने की आशंका के कारण गिरफ्तार किए जाने के बाद से थे। इससे पहले बोल्सोनारो (70) अगस्त से नज़रबंद थे। पूर्व राष्ट्रपति और उनके कई सहयोगियों को तख्ता पलट की साजिश, राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और उपराष्ट्रपति की हत्या की योजना बनाने और 2023 में भड़के विद्रोह में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया। उन्हें सशस्त्र अपराधी संगठन का नेतृत्व करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को हिंसक रूप से समाप्त करने के आरोपों में भी दोषी पाया गया। दो अन्य दोषियों में ऑगस्तो हेलेनो और पाउलो सेरजियो नोघेइरा को सैन्य केंद्र में भेजा गया। पूर्व गृह मंत्री एंडरसन टोरेस को ब्रासीलिया की पापूडा जेल में रखा गया है।

## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती



हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है – जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया – जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि – नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## केंद्र सरकार ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-दो को मंजूरी प्रदान की

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस परियोजना को स्वीकृति दी

### खराडी-खडकवासला (लाइन-4) और नल स्टॉप-वारजे-माणिक बाग (लाइन-4ए) का होगा निर्माण, इस नवीनतम अनुमोदन के पूरा होने पर पुणे मेट्रो का नेटवर्क 100 किलोमीटर से अधिक हो जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत लाइन-4 (खराड़ी-हडपसर-स्वर्गेट-खड़कवासला) और लाइन-4ए (नल स्टॉप-वारजे-माणिक बाग) को मंजूरी दे दी है। लाइन-2ए (वनाज-चांदनी चौक) और लाइन-2बी (रामवाड़ी-वाघोली/विट्ठलवाड़ी) को मंजूरी मिलने के बाद, यह दूसरे चरण के अंतर्गत स्वीकृत दूसरी बड़ी परियोजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। 28 एलिवेटेड स्टेशनों के साथ कुल 31.636 किलोमीटर लंबी लाइन-4 और 4ए, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम पुणे में आईटी केंद्रों, वाणिज्यिक क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों और आवासीय समूहों को जोड़ेगी। यह परियोजना 9,857.85 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पांच वर्षों में पूरी होगी। भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बाहरी द्विपक्षीय/बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से इसका वित्तपोषण किया जाएगा।

इस परियोजना का क्रियान्वयन महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महा-मेट्रो) द्वारा किया जाएगा, जो सभी सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिस्टम संबंधी कार्य करेगा। स्थलाकृतिक सर्वेक्षण और विस्तृत डिजाइन संबंधी परामर्श जैसी निर्माण-पूर्व गतिविधियां पहले से ही चल रही हैं।

### पुणे मेट्रो का नेटवर्क 100 किलोमीटर से अधिक हो जाएगा

ये लाइनें पुणे की व्यापक आवागमन योजना (सीएमपी) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और खराडी बाईपास तथा नल स्टॉप (लाइन-2) और स्वर्गेट (लाइन-1) पर चालू और स्वीकृत गलियारों के साथ सहजता से जुड़ेंगी। ये हडपसर रेलवे स्टेशन पर एक इंटरचेंज भी प्रदान करेंगी और लोनी कालभोर तथा सासवड रोड की ओर जाने वाले भविष्य के गलियारों से जुड़ेंगी, जिससे मेट्रो, रेल और बस नेटवर्क में सुचारू मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। लाइन-4 और 4ए खराडी आईटी पार्क से लेकर खडकवासला के दर्शनीय पर्यटन क्षेत्र तक, और हडपसर के औद्योगिक केंद्र से लेकर वारजे के आवासीय कलस्टर तक विविध इलाकों को एक साथ जोड़ेगी। सोलापुर रोड, मगरपट्टा रोड, सिंहगढ़ रोड, कर्वे रोड और मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को पार करते हुए, यह परियोजना पुणे के व्यस्ततम मार्गों पर भीड़भाड़ को कम करेगी, साथ ही सुरक्षा में सुधार और हरित, सतत आवागमन सुविधा को बढ़ावा देगी।

### दैनिक यात्रियों की संख्या संयुक्त रूप से 4.09 लाख होने की उम्मीद

अनुमानों के अनुसार,लाइन-4 और 4ए पर दैनिक यात्रियों की संख्या 2028 में संयुक्त रूप से 4.09 लाख होने की उम्मीद है, जो 2038 में लगभग 7 लाख, 2048 में 9.63 लाख और 2058 में 11.7 लाख से अधिक हो जाएगी। इसमें से, खराडी-खड़गवासला कॉरिडोर पर 2028 में 3.23 लाख यात्री होंगे, जो 2058 तक बढ़कर 9.33 लाख हो जाएंगे, जबकि नल स्टॉप-वारजे-माणिक बाग स्पर लाइन पर इसी अवधि में यात्रियों की संख्या 85,555 से बढ़कर 2.41 लाख हो जाएगी। ये अनुमान आने वाले दशकों में लाइन-4 और 4ए पर यात्रियों की संख्या में होने वाली महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाते हैं। लाइन-4 और 4ए के साथ, पुणे को न केवल ज्यादा मेट्रो ट्रैक मिलेंगे, बल्कि एक तेज, हरित और ज्यादा कनेक्टेड भविष्य भी मिलेगा। ये कॉरिडोर आने-जाने के घंटों को कम करने, ट्रैफिक की अव्यवस्था को कम करने और नागरिकों को एक सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती विकल्प प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। आने वाले वर्षों में, ये पुणे की सच्ची जीवनरेखा बनकर उभरेंगे, शहरी आवागमन को नया रूप देंगे और शहर की विकास गाथा को नए सिरे से परिभाषित करेंगे।

## संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र, नागरिकों से की अपील

# हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व का द्योतक

### कर्तव्यों के निर्वहन को सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार बताया

### मतदान लोकतंत्र की नींव, पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की और कहा कि ये एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव है। संविधान दिवस पर नागरिकों को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने की ज़िम्मेदारी भी बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि 18 साल की उम्र पूरी कर पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करके संविधान दिवस मनाएं। पीएम मोदी ने महात्मा गांधी के इस विश्वास को याद किया कि अधिकार कर्तव्यों के निर्वहन से प्राप्त होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कर्तव्यों का निर्वहन सामाजिक और आर्थिक प्रगति का भी आधार है। उन्होंने कहा कि आज ली गई नीतियां और निर्णय आने वाली पीढ़ियों के जीवन को आकार देंगे और नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें, क्योंकि भारत विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है।

लोग कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें

नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की



संविधान दिवस सभा में प्रधानमंत्री सहित कई हस्तियां रहीं शामिल

### संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता और दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है। उन्होंने कहा कि यह हमें अधिकारों से सशक्त तो करता ही है, साथ ही नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं। आइए हम अपने कार्यों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। यह हमें अधिकारों से सशक्त बनाता है। ये हमें नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा

### कानून का शासन बनाए रखने में बार की भूमिका अहम



बार एसोसिएशन सभा में सीजेआई

संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने ये भी कहा कि देश में कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है।

### केवल संविधान सर्वोच्चः मेहता

इस मौके पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुसार यह संविधान की खूबसूरती है कि इसके तीनों हिस्से, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, एक-दूसरे से आजाद हैं। केवल संविदान सर्वोच्च है।

### मानवाधिकार आयोग ने रेलवे को नोटिस देकर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में परोसे जाने वाले नॉनवेज में हलाल प्रमाणित मांस को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नाराजगी जताई है। आयोग ने रेलवे बोर्ड को नोटिस भी जारी किया है। आयोग ने कहा कि हलाल मांस की वजह से हिंदू समुदायों के अनुसूचित जाति और मांस व्यापार में लगे अन्य गैर-मुस्लिम समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है। प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली कमेटी ने भारतीय रेलवे बोर्ड को नोटिस दिया है। पीठ ने कहा है कि केवल हलाल मांस का उपयोग करने की प्रथा प्रथम दृष्टया से ही मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बड़ी सौगात

# हैदराबाद में सफ्रान का विशाल 'एमआरओ' हब शुरू, अब एयरक्राफ्ट्स की होगी मरम्मत

### पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुविधा का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत के एविएशन सेक्टर ने बुधवार को एक ऐतिहासिक मुकाम छू लिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थित सफ्रान का विशाल रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। पीएम ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस लेटेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया।

**विमानन दुनिया का तीसरा बाजार बना**

पीएम ने कहा कि भारत का उभरता एविएशन सेक्टर नई उड़ान के लिए तैयार है। यह फैसलिटी भारत को ग्लोबल एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर होगी। भारत का घरेलू विमानन बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन चुका है।

### चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस को लिखा पत्र

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

**निर्वाचन अधिकारियों को खतरा पर जताई चिंता**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में गहन मतदाता पुनरीक्षण (सर) के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर चुनाव अधिकारियों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताई है। ईसी ने पत्र लिखकर कहा है कि एसआईआर की ड्यूटी में तैनात चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



जानकारी में आया है कि 24 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय की सुरक्षा तोड़ी गई। मुख्य चुनाव आयुक्त, अडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर, जॉइंट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर और डिप्टी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर की सुरक्षा से भी खिलवाड़ किया गया है। आयोग ने पहले ही घटना का संज्ञान लिया है और ऑफिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।

### जय हिंद से जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगाः ममता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने राज्यसभा की ओर से जारी किए गए बुलेटिन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें सदन के भीतर धन्यवाद, थैंक यू, जय हिंद, वंदे मातरम या किसी अन्य प्रकार के नारे लगाने पर रोक लगाने की बात कही गई है। ममता ने इस पर कहा कि क्यों नहीं बोलेंगे? जय हिंद और वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है। यह हमारी आजादी का नारा है। जय हिंद हमारे नेताजी का नारा है। इससे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा।



### सोनिया, राहुल से करूंगा बात हम जल्द निकाल लेंगे समाधान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के दो नेताओं सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान चल रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि बहुत जल्द ही वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी से चर्चा के बाद इस मामले का समाधान करेंगे। इस मसले पर अगले 48 घंटों के अंदर राहुल से बात करेंगे। खरगे ने कहा है कि एक दिसंबर तक यह संकट सुलझा लिया जाएगा। एक दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। खरगे ने कहा कि बैठक तय की जाएगी। संभवतःशुक्रवार को सिद्धारमैया और शिवकुमार को दिल्ली बुलाया जाएगा। खरगे का यह बयान ऐसे समय में अहम है जब राज्य में पार्टी के भीतर शक्ति संघर्ष तेज हो गया है।



**खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1733 लाख टन अनुमानितः शिवराज (नई दिल्ली)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य कृषि फसलों (खरीफ) के उत्पादन का प्रथम अग्रिम अनुमान जारी कर दिया है। इसके अनुसार, खरीफ की प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि का अनुमान है, कुल खाद्यान्न उत्पादन 38.70 लाख टन बढ़कर 1733.30 लाख टन अनुमानित हैं। खरीफ चावल व मक्का के अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। चौहान ने बताया कि देश में कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा ने फसलों को प्रभावित किया, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रों को अच्छे मानसून से काफी लाभ हुआ है, इससे कुल मिलाकर फसलों की अच्छी वृद्धि हुई है। प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान खरीफ चावल उत्पादन 1245.04 लाख टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के खरीफ चावल उत्पादन से 17.32 लाख टन ज्यादा है। खरीफ मक्का का उत्पादन 283.03 लाख टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के खरीफ मक्का उत्पादन से 34.95 लाख टन अधिक है।


## कार्यालय उपायुक्त पुलिस दक्षिण जिला, नई दिल्ली

हौज खास, नई दिल्ली-110016

फोन नंबर: 011-20863617; ईमेल: adcp1south@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को ऐतद्वारा सूचित किया जाता है कि दक्षिण ज़िला के पुलिस थानों द्वारा दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 66 के तहत जब्त किए गए और वर्तमान में दिल्ली के दक्षिण ज़िला के थानों में रखे गए विभिन्न मॉडल्स के निम्नलिखित लावारिस मोटर वाहनों का शीघ्र ही एमएसटीसी लिमिटेड नीलामी द्वारा निपटान करेगी।

इनमें से किसी भी वाहन का यदि कोई दावाकर्ता है तो वे स्वामित्व के प्रमाण में सभी संगत दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी से 26.12.2025 को या इससे पूर्व व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते है। 26.12.2025 के बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और वाहनों का नीलामी के जरिए निपटान कर दिया जाएगा।

### उद्घोषणा धारा 67 डीपी अधिनियम-1978

**धारा 66 डीपी अधिनियम 1978 दक्षिण ज़िला में जब्त लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं | पुलिस थाना | पंजिकरण संख्या | तारीख | इंजन नं. | चेसिस नं. | मेक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चित्तरंजन पार्क | DL3SBY4207 | 08.08.2025 | 53987 | 3705 | मोटरसाइकिल |
| 2 | के.एम. पुर | DL3SCB2517 | 13.01.2025 | 25641 | 13485 | मोटरसाइकिल |
| 3 | के.एम. पुर | DL3SCV2843 | 14.03.2025 | 53878 | 20336 | मोटरसाइकिल |
| 4 | के.एम. पुर | UKOGAR6921 | 22.06.2025 | 87900 | 87862 | स्कूटर |
| 5 | के.एम. पुर | DLBSEK9829 | 29.07.2025 | 26129 | 32214 | मोटरसाइकिल |
| 6 | फतेहपुर बेरी | - | 13.06.2024 | 530077 | 4972 | मोटरसाइकिल |
| 7 | फतेहपुर बेरी | - | 25.04.2025 | 62583 | 62500 | मोटरसाइकिल |
| 8 | फतेहपुर बेरी | DL3SCJ7849 | 17.06.2025 | 21190 | 20286 | मोटरसाइकिल |
| 9 | फतेहपुर बेरी | HR2QL1998 | 31.03.2025 | 13350 | 13652 | मोटरसाइकिल |
| 10 | फतेहपुर बेरी | - | 04.02.2025 | 2962 | NIL | मोटरसाइकिल |
| 11 | फतेहपुर बेरी | DL4SDF4518 | 27.04.2025 | 21443 | 21535 | मोटरसाइकिल |
| 12 | फतेहपुर बेरी | L3SBT8063 | 08.05.2025 | 55125 | 46462 | मोटरसाइकिल |
| 13 | लोधी कॉलोनी | DL3SDB6453 | 17.04.2025 | 2393303 | 394661 | स्कूटी |
| 14 | लोधी कॉलोनी | HR26AY6116 | 14.05.2025 | 142515 | 8027591 | स्कूटी |
| 15 | लोधी कॉलोनी | DL7SBT6279 | 10.06.2025 | 735740 | 736782 | स्कूटी |
| 16 | लोधी कॉलोनी | UP14BM2106 | 12.08.2025 | 1104067 | 4237 | मोटरसाइकिल |
| 17 | लोधी कॉलोनी | DL3SEY0156 | 16.08.2025 | 18081 | 17515 | मोटरसाइकिल |
| 18 | लोधी कॉलोनी | UP16EQ0781 | 25.08.2025 | 683544 | 4000848 | स्कूटी |
| 19 | लोधी कॉलोनी | DLASDD6457 | 29.08.2025 | 3215800 | 23943 | स्कूटी |
| 20 | महरौली | DL3SCX6486 | 01.07.2025 | 74758 | 73531 | मोटरसाइकिल |
| 21 | महरौली | HP14AY8395 | 02.07.2025 | 74758 | 73531 | मोटरसाइकिल |
| 22 | महरौली | DL14SU7449 | 03.07.2025 | 26569 | 9582 | स्कूटर |
| 23 | महरौली | DL3SDZ7021 | 05.07.2025 | 28978 | 95017 | स्कूटर |
| 24 | महरौली | DL3SDE4625 | 06.07.2025 | 38830 | 31153 | स्कूटर |
| 25 | महरौली | DL3SCB2703 | 10.07.2025 | 16868 | 14222 | मोटरसाइकिल |
| 26 | महरौली | DL1RU3412 | 14.07.2025 | 31909 | 43650 | टीएसआर |
| 27 | महरौली | DL3SER6708 | 14.07.2025 | 1283 | 9350 | स्कूटर |
| 28 | महरौली | HR38AC5032 | 15.07.2025 | 10616 | 29661 | टीएसआर |
| 29 | महरौली | DL3SFU5652 | 18.07.2025 | 7505 | 6985 | स्कूटर |
| 30 | महरौली | DL3SEY0531 | 19.07.2025 | 44723 | 3119 | मोटरसाइकिल |
| 31 | महरौली | DL3SEC7723 | 19.07.2025 | 19223 | 5523 | मोटरसाइकिल |
| 32 | महरौली | DL3SCM3895 | 19.07.2025 | 11638 | 41489 | मोटरसाइकिल |
| 33 | महरौली | DL7SCE7803 | 21.07.2025 | 914 | 1163 | स्कूटर |
| 34 | महरौली | DL3SFJ1599 | 21.07.2025 | 700 | 794 | मोटरसाइकिल |
| 35 | महरौली | DL3SDD0863 | 23.07.2025 | 32207 | 12173 | स्कूटर |
| 36 | महरौली | DL3SFZ0816 | 24.07.2025 | 3247 | 2241 | मोटरसाइकिल |
| 37 | महरौली | DL3SBZ0913 | 26.07.2025 | 86202 | 9098 | स्कूटर |
| 38 | महरौली | UP78CA3791 | 28.07.2025 | 6179 | 6278 | मोटरसाइकिल |
| 39 | महरौली | DL3SAV1901 | 30.07.2025 | 16467 | 17048 | मोटरसाइकिल |
| 40 | महरौली | DL3SFG3104 | 01.08.2025 | 13546 | 55 | मोटरसाइकिल |
| 41 | महरौली | DL3SES7644 | 01.08.2025 | 9441 | 2510 | स्कूटर |
| 42 | महरौली | DL3SDQ5172 | 02.08.2025 | E1088 | 70066 | मोटरसाइकिल |
| 43 | महरौली | HR34M7496 | 02.08.2025 | 3134 | 3613 | मोटरसाइकिल |
| 44 | महरौली | UP24AK5615 | 04.08.2025 | B0128 | 85324 | मोटरसाइकिल |
| 45 | महरौली | DL3SET2741 | 04.08.2025 | 15240 | 16552 | स्कूटर |
| 46 | महरौली | DL5SCT2418 | 06.08.2025 | 16964 | 19594 | मोटरसाइकिल |
| 47 | महरौली | DL3SEV5012 | 07.08.2025 | 9859 | 14293 | मोटरसाइकिल |

हस्ता/-
पुलिस उपायुक्त कार्यालय:
दक्षिण जिला, नई दिल्ली

DP/9817/SD/2025

## खबर संक्षेप



### डॉलर के मुकाबले रुपया 89.23 पर लगभग स्थिर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को एक सीमित दायरे वाले कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 89.23 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मजबूत घरेलू शेयर बाजारों और वैश्विक कच्चे तेल कीमतों में गिरावट ने डॉलर की मजबूती के असर को कम कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर चिंताओं से बाजार में जोखिम लेने की धारणा कमजोर हुई है।

### जेके लक्ष्मी सीमेंट उत्पादन बढ़ाने के लिए करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** जेके लक्ष्मी सीमेंट ने कहा कि वह छत्तीसगढ़ में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए 1,816 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी अपनी क्लिंकर उत्पादन क्षमता को 23.1 लाख टन प्रति वर्ष और सीमेंट ग्राइंडिंग क्षमता को 12 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए 1,816 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

### विमानन क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही भारत की भूमिका

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश के हवाई अड्डों को सुरक्षित, आधुनिक और यात्री-केन्द्रित बनाने की दिशा में भा.वि.प्रा. लगातार नए प्रयास कर रहा है। इसी संदेश को आम लोगों और युवाओं तक पहुंचाने के लिए भा.वि.प्रा. द्वारा आईआईटीएफ 2025 में एक विशेष भाविप्रा प्रदर्शनी स्थल तैयार किया है, जहाँ विद्यार्थी, युवा विमानन प्रेमी और सभी आयु वर्ग के लोग भारत की विमानन यात्रा को निकट से समझ रहे हैं।
आईआईटीएफ 2025 में भाविप्रा का प्रदर्शनी स्थल 'सपनों की उड़ान' ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा का एक अद्वितीय मंच बन गया है।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# पानी से भी सस्ता होगा कच्चा तेल, मार्च 2027 तक हो सकता है बड़ा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें एक लीटर पानी की बोतल से भी कम हो सकती है। इस बात की भविष्यवाणी दुनिया की दिग्गज ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन की ओर से की गई है। फर्म की ओर से अनुमान लगाया गया है कि कच्चे तेल की कीमतें वित्त वर्ष 2027 के अंत या मार्च 2027 तक 30 डॉलर प्रति बैरल हो सकती है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए और एक्सचेंज रेट के हिसाब से 1 डॉलर को 95 रुपए के हिसाब से देखा जाए तो कच्चे तेल की 1 बैरल की कीमत 2850 रुपए होगी. इसका मतलब है कि एक लीटर कच्चे तेल के दाम 18 रुपए से भी कम हो जाएंगे।

### 30 डॉलर पर आ सकते हैं कच्चे तेल के दाम

जेपी मॉर्गन ने कच्चे तेल की कीमतों को लेकर जबरदस्त भविष्यवाणी की है। ये बात दुनिया के उन देशों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी हो सकती है, जो कच्चे तेल के लिए सिर्फ आयात पर ही निर्भर हैं। जेपी मॉगर्न ने अनुमान लगाया है कि ब्रेंट क्रूड की कीमत वित्त वर्ष 27 के अंत तक यानी मार्च 2027 तक 30 डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकती है। यानी मौजूदा लेवल से ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 50 फीसदी से ज्यादा कम होने की संभावना है।



### मांग से अधिक सप्लाई होगी

इस संभवित गिरावट के प्रमुख कारणों की बात करें तो जेपी के अनुसार बढ़ती ग्लोबल सप्लाई होगी, जोकि डिमांड से कहीं ज्यादा देखने में मिल सकती है। इंवेस्टमेंट बैंक के फ्रेश अनुमान से पता चलता है कि अगले तीन वर्षों में तेल की खपत में लगातार वृद्धि के बावजूद, सप्लाई में इजाफा देखने को मिलेगा। खासकर ये सप्लाई नॉन ओपेक प्लस देशों की ओर से बढ़ेगी, जो एनर्जी मार्केट को काफी प्रभावित करेगी और कीमतों में दबाव डालेगी।

### कितनी है डिमांड और क्या होगा इजाफा?

2025 में ग्लोबल ऑयल डिमांड में 0.9 एमबीडी की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे कुल खपत 105.5 एमबीडी हो जाएगी। अनुमान है कि 2026 में ग्रोथ रेट स्थिर रहेगी और 2027 में 1.2 एमबीडी तक बढ़ जाएगी। फिर भी यह स्थिर ग्रोथ सप्लाई के साथ तालमेल रखने की संभावना नहीं है, जिसके बारे में जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि 2025 और 2026 दोनों में मांग की दर से लगभग तीन गुना वृद्धि होगी।

### ये देश बढ़ाने वाले हैं प्रोडक्शन

इस असंतुलन का एक प्रमुख कारण नॉन-ओपेक+ प्रोडक्शन में इजाफा होगा। बैंक ने नोट किया है कि 2027 तक अनुमानित सप्लाई लाभ का आधा हिस्सा गठबंधन के बाहर से आएगा। जो मजबूत ऑफशोर ग्रोथ और ग्लोबल शेल में निरंतर गति से प्रेरित होगा. ऑफशोर, जिसे कभी एक साइकलिक और कॉस्ट वैवी सेक्टर माना जाता था, अब एक विश्वसनीय, कम कॉस्ट वाले ग्रोथ इंजन में बदल गया है।

## पीएम ने हैदराबाद में फ्रांसीसी विमानन कंपनी का किया ऑनलाइन उद्घाटन

# सुधार-उन्मुख भारत ले रहा बड़े फैसले, अब हम निवेशकों के भरोसेमंद साझेदार : मोदी

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की निवेश क्षमता पर बल देते हुए बुधवार को कहा कि सुधारों को तेजी से लागू कर रहा भारत अब बड़े फैसले लेता है और निवेशकों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद में फ्रांसीसी विमानन कंपनी सैफरान के विमान इंजन एमआरओ संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। पीएम ने कहा कि यह संयंत्र युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया है और राष्ट्रीय एकल-खिड़की व्यवस्था से विभिन्न अनुमोदन को एक मंच पर लाया गया है।

> भारत ने व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों प्रावधानों को अपराध श्रेणी से बाहर किया

## प्रधानमंत्री ने कहा, संयंत्र युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगा

### शासन अब पहले से अधिक सरल व पारदर्शी

मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार, चेहरा-रहित कर आकलन, नए श्रम कानून और दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के आने से शासन पहले से अधिक सरल और पारदर्शी बना है। उन्होंने कहा, ''इन कोशिशों से भारत को अब एक भरोसेमंद साझेदार, एक बड़े बाजार और उभरते विनिर्माण केंद्र के तौर पर देखा जा रहा है।



### भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा बाजार

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का नागर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और देश का घरेलू बाजार दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 1,500 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया हुआ है। उन्होंने बताया कि विमानों के रखरखाव, मरम्मत एवं देखभाल यानी एमआरओ का करीब 85 प्रतिशत काम विदेशों में होने से लागत बढ़ती है और विमानों को लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है।

### सर्विसिंग के लिए स्थापित किया जा रहा संयंत्र

इस चुनौती को देखते हुए सरकार भारत को वैश्विक एमआरओ केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। मोदी ने कहा कि सैफरान का इंजन एमआरओ केंद्र देश में पहली बार किसी वैश्विक विमान कंपनी द्वारा विस्तृत सर्विसिंग के लिए स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी की वैश्विक प्रशिक्षण और ज्ञान हस्तांतरण साझेदारी से आने वाले वर्षों में एमआरओ पारिस्थितिकी को नई दिशा मिलेगी।

### एमआरओ संयंत्र के विकास पर 1300 करोड़ का निवेश

सैफरान की इकाई सैफरान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया (एसएईएसआई) ने हैदराबाद में अपने एमआरओ संयंत्र के विकास पर 1,300 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश किया है। यहां एयरबस ए320 निओ और बोइंग 737 मैक्स विमानों में इस्तेमाल होने वाले लीप इंजन की सर्विसिंग होगी। इस संयंत्र को प्रति वर्ष 300 इंजन की सर्विसिंग क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है।

### भारत में युवा प्रतिभाओं की भरमार है

आज भारत में तेजी से वृद्धि हो रही है, सरकार स्थिर है, सुधार पर ध्यान देने वाली सोच है, युवा प्रतिभाओं की भरमार है और एक बड़ा घरेलू बाजार है। सबसे जरूरी बात, भारत में निवेश करने वालों को देश सिर्फ निवेशक नहीं, बल्कि विकसित भारत के सफर में सह-निर्माता और हितधारक मानता है।''

### पोत परिवहन के लिए एमआरओ परिवेश तैयार कर रहे

पीएम ने यह भी कहा कि भारत केवल विमानों की एमआरओ गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि पोत परिवहन के लिए भी एमआरओ परिवेश तैयार करने और देश के ही भीतर डिजाइन गतिविधियों को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है। मोदी ने सैफरान से भारत में उपलब्ध प्रतिभा और अवसरों का इस्तेमाल प्रोपल्शन डिजाइन और विनिर्माण के लिए आव्हान किया।

मार्केट न्यूज

## फरहान अख्तर की एक्शन फिल्म 120 बहादुर के साथ डा. ऑर्थों ने किया करार




**चंडीगढ़।** रजनीश घई द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर दमदार भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म, 120 योद्धाओं की उस सच्ची भावना को दर्शाती है, जो किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटते और आखिरी सांस तक डटकर लड़ते हैं। फिल्म का मुख्य संदेश है हिम्मत, हौसला और हार न मानने का जज़्बा। फिल्म '120 बहादुर' को कामयाबी की शुभकामनाएं देते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने कहा कि यह फिल्म साहस और संघर्ष की प्रेरक कहानी है और यही सोच उन्हें अपने आयुर्वेदिक ब्रांड डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को फिल्म के साथ को-ब्रांडिंग के लिए जोड़ने के लिए प्रेरित करती है। वहीं, कोब्रांडिंग के दौरान एक खास संदेश में फरहान अख्तर कहते है कि जैसे 120 बहादुर डटकर लड़ते हैं और पीछे नहीं हटते, वैसे ही डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक ऑयल भी जोड़ों के हर दर्द से बिना रुके लड़ता है। डा. ऑर्थो सलाम करता है 120 बहादुर की इस बहादुरी को। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने कहा कि फरहान अख्तर का मजबूत व्यक्तित्व और फिल्म की भावना दोनों ही हमारे ब्रांड की फिलोस्फी से मेल खाते हैं। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति अपने दर्द से लड़कर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रोडक्ट डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है। आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतना ही नहीं अब, डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल के साथ-साथ, स्ट्रांग तेल, कैप्सूल, आइंटमेंट, बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर, प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो, मैटरस आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

## रिटेल ऋण आउटरीच अभियान का आयोजन



**नई दिल्ली।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली 'उत्तर', दिल्ली 'दक्षिण' व गुरूग्राम संयुक्त रूप से 28नवंबर 2025 को "रिटेल ऋण आउटरीच अभियान" का आयोजन कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के रिटेल ऋण उत्पादों को तेज, पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के साथ उपलब्ध कराना है।इसी क्रम में बैंक ने रिटेल ग्राहकों के लिए कई विशेष योजनाएं तैयार की हैं, ताकि हर वर्ग के ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुरूप वित्तीय सहायता मिल सके।श्री सन्नी कालरा, क्षेत्रीय प्रमुख, गुरूग्राम ने बताया कि बैंक की प्रमुखरिटेल योजनाओं में आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण, गोल्ड लोन आदि शामिल हैं, जो विभिन्न प्रकार के ग्राहकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई हैं।

## सोना दो सप्ताह के उच्चस्तर पर, चांदी हुई और मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज़ी के चलते दिल्ली सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,200 रुपये बढ़कर लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,30,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।बाजार विश्लेषकों ने कहा कि यह बढ़त मुख्य रूप से अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की नई उम्मीदों के कारण हुई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले



सोने की कीमत भी 1,200 रुपये बढ़कर 1,29,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। 13 नवंबर को, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाला सोना क्रमशः 1,30,900 रुपये और 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के संभावित ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीद के बीच बुधवार को सोने में बढ़त जारी रही और यह दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा, ''दो फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की हालिया नरम टिप्पणियों के बाद, अमेरिका के नरम वृहद आर्थिक आंकड़ों ने अगले महीने संभावित कटौती की उम्मीदों को और मजबूत किया है।''

## अमेरिका में नीतिगत दर घटने की उम्मीद से सेंसेक्स 1,022 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी ने फिर से 26,000 अंक के स्तर को प्राप्त कर लिया। निवेशकों ने 5.50 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजार में उछाल आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,022.50 अंक चढ़कर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,057.18 अंक तक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी 320.50 अंक की बढ़त के साथ 26,205.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर से केवल 10 अंक कम है। कारोबार के दौरान, निफ्टी 330.35 तक चढ़ गया था।विशेषज्ञों के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बढ़ती उम्मीद ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूत किया।

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण बहादुरी के लिए CISF कर्मियों को DG's Disc से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** आज CISF मुख्यालय में हुए एक समारोह में, CISF के महानिदेशक ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण साहस और बेहतरीन ऑपरेशनल प्रदर्शन के लिए 19 CISF कर्मियों को प्रतिष्ठित DG's Disc से सम्मानित किया। यह सम्मान मई 2025 में सीमा पार दुश्मनी के एक नाजुक दौर के दौरान जम्मू और कश्मीर में उरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट्स (UHEP-I & II) की सुरक्षा में उनकी अहम भूमिका को सम्मानित करता है।ऑपरेशन सिंदूर, जिसे भारतीय सेना ने 06–07 मई 2025 की दरमियानी रात को अंजाम दिया, के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लाइन ऑफ़ कंट्रोल के पार स्थित एक आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया। जवाबी कार्रवाई में, पाकिस्तानी सेना ने भारतीय इलाके में तेज़ और बिना सोचे-समझे गोलाबारी शुरू कर दी, जिससे उरी हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट्स सहित ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और आस-पास की आम आबादी को गंभीर खतरा पैदा हो गया। लाइन ऑफ़ कंट्रोल से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर



स्थित NHPC प्रतिष्ठानों पर तैनात CISF इकाइयाँ, इस अचानक बढ़े तनाव के बीच स्वयं को सीधे प्रभाव क्षेत्र में पाया।दुश्मन की भारी गोलाबारी के बीच, CISF के जवानों ने बहुत हिम्मत, धैर्य और पेशेवरता दिखाया। कमांडेंट रवि यादव के नेतृत्व में, उप कमांडेंट मनोहर सिंह और सहायक कमांडेंट सुभाष कुमार के सक्षम सहयोग से, CISF टीमों ने ठिकानों और आसपास की बस्तियों की सुरक्षा हेतु त्वरित एवं संगठित बचाव कार्य शुरू किए।


PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH. SURINDER S. RATHI, LD. JUDGE (COMMERCIAL COURT)-11, CENTRAL DISTRICT, ROOM NO. 310, TIS HAZARI COURT, DELHI
CASE NO. CS (COMM)/676/2025
UNION BANK OF INDIA
VS
BHOLA SINGH RAWAT

To
BHOLA SINGH RAWAT S/O CHANDER SINGH RAWAT, PROP. OF PACKWELL PACKAGING INDUSTRIES, PLOT NO. 18-19, MATIALA EXTN. UTTAM NAGAR, DELHI- 110059
ALSO AT: RZ-L6, 2ND FLOOR, OPP. SHIV VANI SCHOOL MAHAVIR ENCLAVE PALM VILLAGE DELHI- 110045 EMAIL: packwellp@gmail.com

WHEREAS the Plaintiff has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record.
You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on 08.12.2025 in the forenoon, to answer the claim; and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, on this 17.11.2025
District Judge (Commercial Court-11)
Central District, Tis Hazari Court, Delhi



कार्यालय उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.
दूरभाष क्रमांक 07868-241559 (कार्या) फैक्स 24149
ई-मेल आईडी sp-kanker.cg@nic.in

क्रमांक/उमनि एवं वपुअ/कांकेर/एसी/एम/ 8595A/2025,
कांकेर दिनांक 17/11/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें दो लिफाफे पद्धति से उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाए गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र "अ" में लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार (बी श्रेणी एवं अधिक) से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) पंजीकृत पावती युक्त डाक पोस्ट एवं हाथों-हाथ से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।


1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 12/12/2025
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 15/12/2025 (15:00 बजे तक)
3. निविदा खोले जाने की तिथि :- 16/12/2025 (16:00 बजे तक)

| क्र. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिया निर्माण कार्य पराली से उदूमगांव पराली नाला एलएसबी एवं रोड़ लं. 30 मी. | 23500000 | 235000 |
| 2 | पुलिया निर्माण कार्य एल 100 टी-03 से गोटांच नाला पर 40 मी. | 26023000 | 260230 |

नोटः- 1. निविदा प्रपत्र क्रय हेतु 0055 पुलिस मिसलेनियस 800 अन्य प्राप्तियां मद में राशि रू. 1500.00 का चालान जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा। अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्रदान की की जावेगी।

उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
उत्तर बस्तर कांकेर
G-252604959/6


## शब्द पहेली - 6060




**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6059 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |



# रोनाल्डो को मिली बड़ी राहत, दो मैचों का प्रतिबंध हटा, विश्व कप में दिखेंगे खेलते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है। आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैच मिस कर सकते हैं।

हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ। डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की।

### वीआईपी मीटिंग का प्रभाव?

फैसले से एक सप्ताह पहले रोनाल्डो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस डिनर में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे और उन्होंने रोनाल्डो के साथ फोटो भी ली थी। इस घटना और फैसले के समय ने बहस को और तेज कर दिया है। रोनाल्डो पिछले तीन साल से सऊदी क्लब के लिए खेल रहे हैं और 2034 का वर्ल्ड कप भी सऊदी अरब की मेजबानी में होगा, जिससे राजनीतिक संबंधों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट : मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को करना पड़ा हार का सामना

एजेंसी ▶▶| लंदन



टीम में बदलाव, गलतियों और रक्षात्मक चूक के कारण मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा।

मैनचेस्टर सिटी कोच के रूप में पेप गार्डियोला के चैंपियंस लीग में 100वें मैच में उनकी टीम बायर लेवरकुसेन से 2-0 से हार गई, जबकि बार्सिलोना को चेल्सी के खिलाफ 3-0 की हार में आत्मघाती गोल और रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। गार्डियोला ने प्रीमियर लीग में न्यूकैसल से मिली हार के बाद अपनी शुरुआती लाइनअप में 10 बदलाव किए, जिसमें एर्लिंग हालैंड को बेंच पर रखा गया, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ा। एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो ने 23वें मिनट में लेवरकुसेन की तरफ से पहला और पैट्रिक स्किच ने 54वें मिनट में दूसरा गोल किया।

### लीग में चेल्सी की तीसरी जीत

चेल्सी ने स्टैमफोर्ड ब्रिज में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बार्सिलोना को 3-0 से आसानी से हराकर लीग चरण में अपनी तीसरी जीत हासिल की। यह बार्सिलोना की दूसरी हार थी, जिसमें डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को हाफटाइम से ठीक पहले दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया था, जिसके बाद बार्सिलोना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। जूल्स कोंडे के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल ने चेल्सी को बढ़त दिला दी। उसने 55वें मिनट में 18 वर्षीय एस्टेवाओ के किए बेहतरीन गोल से अपनी बढ़त मजबूत की और 73वें मिनट में लियाम डेलाप के गोल से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### बीसीसीआई को करना है मेरे भविष्य का फैसला : गंभीर

**गुवाहाटी।** आलोचनाओं से घिरे भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को करना है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में टीम ने कितनी सफलता हासिल की है। गंभीर ने कहा, 'मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है। लेकिन मैं वही व्यक्ति हूं, जिसने इंग्लैंड में आपको अनुकूल परिणाम दिलाए और मैं चैंपियंस ट्रॉफी में भी कोच था।' उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2-2 से ड्रॉ रही श्रृंखला का जिक्र किया। गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से मिली हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, 'दोष सभी का है और इसकी शुरुआत मुझसे होती है। हमें बेहतर खेल दिखाना होगा।

### टी20 विश्व कप से पहले खतरे में असलांका की कप्तानी

**कोलंबो।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका का पाकिस्तान का दौरा बीच में छोड़ना देश के क्रिकेट बोर्ड को नागवार गुजरा है, जिससे अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी



कप्तानी खतरे में पड़ गई है। उनकी जगह दासुन शनाका को कप्तान नियुक्त किया गया है। असलांका पाकिस्तान में द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह दौरा बीच में रद्द करने के पक्ष में थे और उन्होंने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कथित तौर पर अपने कुछ साथियों को टूर्नामेंट से हटने और स्वदेश लौटने के लिए प्रोत्साहित किया था। यह बात श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को रास नहीं आई और उसने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### कर्नाटक ने उत्तराखंड को दी मात, स्मरण का अर्धशतक



**अहमदाबाद।** रविचंद्रन स्मरण ने सही समय पर अर्धशतक लगाकर अपनी काबिलियत का नमूना पेश किया, जिससे कर्नाटक ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अहमद ट्रॉफी के ग्रुप डी के पहले मैच में उत्तराखंड को पांच विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाए, जिसमें कप्तान कुणाल चंदेला (88 रन, 49 गेंद) और आंजनेया सूर्यवंशी (54 रन, 36 गेंद) ने चौथे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक ने करुण नायर और केएल श्रीजीत के विकेट गिरने के बाद 15 रन पर दो विकेट गंवा दिए।

## दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद फिर किया क्लीन स्वीप

# टीम इंडिया 40 साल बाद लगातार दो साल में हारी दो टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी



ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने कौशल और दृढ़ संकल्प की कमी वाले भारतीय बल्लेबाजों को फिर से दिन में तारे दिखाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में 408 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करके दो मैच की श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

यह हार भारत के टेस्ट इतिहास में एक और शर्मनाक अध्याय है क्योंकि रन के लिहाज से यह उसकी सबसे बड़ी हार है। यह तीसरा अवसर है जबकि किसी टीम ने भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ किया। 40 साल बाद भारत की धरती पर ऐसा हुआ है जब लगातार 2 साल में टीम इंडिया 2 टेस्ट सीरीज हारी हैं। पिछली बार यह कारनामा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने किया था। चार दशक पहले भारतीय टीम को साल 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर साल 1984-85 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार मिली थी।

### मार्क्रम ने 9 कैच लेकर बनाया रिकॉर्ड



हार्मर ने पिच मुझे मिल रहे उछाल और टर्न का पूरा फायदा उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 रन देकर छह विकेट तथा मैच में कुल नौ विकेट लिए। एडेन मार्क्रम ने 9 कैच लेकर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने भारत के अजिंक्य रहाणे के 2015 में लिए गए आठ कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

### मात्र 140 रन पर आउट हो गई टीम इंडिया

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2000 में 2-0 से जबकि पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3-0 से श्रृंखला जीती थी। इस पराजय से भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। भारत के सामने 549 रन का असंभव लक्ष्य था और उसकी पूरी टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन 140 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 201 रन पर आउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

### हार्मर ने किया भारतीय बल्लेबाजों को परेशान

भारत ने सुबह दो विकेट पर 27 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई, जिसके बाद हार्मर ने अपने टर्न और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने पहले सत्र में नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव (05), ध्रुव जुरेल (02) और कप्तान ऋषभ पंत (13) को पवेलियन की राह दिखाई। बारसापारा की पिच हाल के समय में उपलब्ध कराई गई सर्वश्रेष्ठ भारतीय पिचों में से एक थी, जिसमें उचित तकनीक और अभ्यास से बल्लेबाज रन बनाने में सक्षम थे। इस पिच पर अपनी लेंथ को जानने वाले तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और चालाक स्पिनरों ने दबदबा बनाया।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 489 रन, भारत पहली पारी : 201 रन, दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : 260/5 रन घोषित

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन्ने बो यानसेन | 13 | 20 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 6 | 29 | 0 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 14 | 139 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव बो हार्मर | 5 | 38 | 1 | 0 |
| जुरेल का मार्क्रम बो हार्मर | 2 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का मार्क्रम बो हार्मर | 13 | 16 | 1 | 1 |
| जडेजा स्ट वेरेन्ने बो महाराज | 54 | 87 | 4 | 2 |
| सुंदर का मार्क्रम बो हार्मर | 16 | 44 | 2 | 0 |
| रेड्डी का वेरेन्ने बो हार्मर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| सिराज का यानसेन बो महाराज | 0 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, कुल : 63.5 ओवर में 140/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 15-7-23-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 23-6-37-6, महाराज 12.5-1-37-2, मार्क्रम 2-0-2-0, मुथुसामी 7-1-21-1

## क्रिकेट

# भारत को बड़ा नुकसान, डब्ल्यूटीसी तालिका में पांचवें स्थान पर खिसका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका से दोनों टेस्ट मैच में हार झेलने के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जिससे उसकी फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। बुधवार को गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट में 408 रन से मिली हार, पारंपरिक पांच दिवसीय प्रारुप में रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी हार है। इस साल के शुरू में इंग्लैंड में श्रृंखला बराबर करने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद पाकिस्तान से नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गई है और उसका पीसीटी (प्रतिशत) 48.15 पर आ गया है।

भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में नौ टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से चार जीते, चार हारे और एक ड्रॉ रहा। भारतीय टीम अब अगले साल अगस्त में दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ श्रृंखला खेलेगी।

### द.अफ्रीका ने की तालिका में अपनी स्थिति मजबूत

दक्षिण अफ्रीका ने तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका चार टेस्ट मैचों में 36 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ठीक पीछे दूसरे स्थान पर है। उसका पीसीटी 66.67 से बढ़कर 75 हो गया है। न्यूजीलैंड ने अभी तक मौजूदा चक्र में एक भी श्रृंखला नहीं खेली है, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान ने एक-एक श्रृंखला खेली है। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 2027 में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित फिर बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज, मिचेल को छोड़ा पीछे

### अभिषेक की बादशाहत बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने 26 नवंबर को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी की हैं। पिछले हफ्ते नंबर 1 की पोजीशन गंवाने वाले रोहित शर्मा की वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर फिर से वापसी हो गई है। जबकि टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार है और वह टॉप पर काबिज हैं। साथ ही टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को झटका लगा है। रोहित शर्मा पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड के डैरिल मिचेल से पिछड़ गए थे। लेकिन इस हफ्ते एक बार फिर से रोहित ने नंबर 1 पोजीशन पर वापसी की और मिचेल दूसरे स्थान पर खिसक गए।

रोहित के अलावा शुभमन गिल वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में चौथे और विराट कोहली 5वें स्थान पर हैं। अब रोहित और विराट एक साथ 30 नवंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में नजर आएंगे।

### नंबर 1 पायदान पर भारत के 5 खिलाड़ी

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक और रोहित के अलावा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर काबिज हैं। उनके अलावा टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह और टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रविंद्र जडेजा नंबर 1 पर काबिज हैं। जबकि टीम रैंकिंग में भारत वनडे व टी20 की नंबर 1 टीम बनी हुई है। वहीं टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है।

**जिम्बाब्वे के कप्तान ने पाकिस्तानी खिलाड़ी को पछाड़ा**

अगर टी20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डालें तो पाकिस्तान के सईम अय्यूब अब नंबर 2 पर खिसक गए हैं। वहीं उनकी जगह जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने इस पोजीशन पर कब्जा कर लिया है। लेकिन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 8 स्थान की छलांग लगाकर नंबर 4 पर आते हुए टॉप 10 में एंट्री मारी है।

# उर्विल ने लगाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक

### 31 गेंद में ठोकी सेंचुरी

**हैदराबाद।** कप्तान उर्विल पटेल की 12 चौके और 10 छक्के जड़ित नाबाद 119 रन की पारी की बदौलत गुजरात ने ग्रुप सी के मैच में सेना को आठ विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टी20 कप्तान के तौर पर पदार्पण करने वाले पटेल ने सेना के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए शतक जड़ा। चेन्नई सुपर किंग्स के रिटेन किए 27 साल के इस खिलाड़ी ने महज 31 गेंद में शतक बना दिया, जो किसी भारतीय का बनाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक है। किसी भारतीय के बनाया सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम है, जिन्होंने 2024-25 चरण में क्रमशः त्रिपुरा और मेघालय के खिलाफ 28 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। पटेल ने 2023 में विजय हजारे ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ 41 गेंद में शतक बनाया था। विकेटकीपर बल्लेबाज ने आर्य देसाई (35 गेंद में 60 रन) के साथ मिलकर 174 रन की भागीदारी निभाई। इससे टीम ने 12.3 ओवर में 183 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



## विश्व युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# भारतीय खिलाड़ियों का दमदार पदार्पण, जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने रोमानिया में आयोजित आईटीटीएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में दमदार पदार्पण करते हुए अंडर -19 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में क्रमशः एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

अंडर -19 लड़कों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उन्हें जापान से 0-3 से हार का सामना कर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंकुर भट्टाचार्य ने रयूसेई कावाकामी को कड़ी चुनौती दी, लेकिन 17-15, 6-11, 12-10, 4-11, 11-13 से हार गए। जापान के कजाकी योशियामा ने अभिनंद को 11-7, 11-8, 11-6 से हराया। फिर तामितो वतानाबे ने प्रणुज भट्टाचार्य को 11-9, 11-7, 11-3 से मात देकर जापान को स्वर्ण पदक दिलाया।

### अंडर-15 बालिकाओं ने किया शानदार प्रदर्शन

अंडर-15 लड़कियों की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक हासिल किया। टीम ने क्वार्टरफाइनल में जर्मनी को 3-1 से हराया लेकिन दक्षिण कोरिया से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। अंडर -19 लड़कियों की स्पर्धा में भारत को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रहाणे और सूर्यकुमार ने खेली तेजतर्रार पारी

# मुंबई की शानदार शुरुआत, रेलवे को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

गत चैंपियन मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप ए मुकाबले में रेलवे को सात विकेट से शिकस्त दी, जिसमें भारत के अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुंबई को 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई मुश्किल नहीं हुई। रहाणे ने 33 गेंद में 62 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पाच छक्के शामिल थे। उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम ने 25 गेंद रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रहाणे के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। उन्होंने 30 गेंद में 47 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

### रहाणे ने लगाए चार चौके और पांच छक्के



### रेलवे की खराब शुरुआत

पूर्व भारतीय खिलाड़ी कर्ण शर्मा की अगुआई वाली रेलवे की शुरुआत खराब रही, जिसने महज 19 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद पूर्व भारत अंडर-19 खिलाड़ी मोहम्मद सैफ (48) ने युवा रवि सिंह (26) और अशुतोष शर्मा (61) के साथ मिलकर टीम की पारी को संभाला। सैफ के आउट होने के बाद रेलवे का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था।

### मुंबई टीम पर नहीं दिखा दबाव

आशुतोष शर्मा ने सात चौके और तीन छक्कों की मदद से पारी को गति दी और स्कोर को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया।

मुंबई की पारी में शुरुआत से ही कोई भी दबाव नहीं दिखा। रहाणे और आयुष म्हात्रे (18) ने टीम को मजबूत शुरुआत कराई। रहाणे के आउट होने के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 113 रन था और टीम अच्छी स्थिति में थी। इसके बाद जीत की औपचारिकता बाकी थी और यह काम सूर्यकुमार ने आसानी से पूरा किया।

## भूटान नरेश ने की औपचारिक विदाई

# 17 दिनों की प्रदर्शनी के बाद बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत लौटे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भूटान में 17 दिवसीय प्रदर्शनी के बाद भारत वापस आ गए हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पवित्र अवशेषों की वापसी यात्रा में उनके साथ थे। उन्होंने भूटान के नेतृत्व एवं जनता के प्रति उनकी असाधारण गर्मजोशी, भक्ति और औपचारिक सम्मान के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। मंगलवार को पालम हवाई अड्डे पर पहुंचने पर पवित्र अवशेषों को आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर, भिक्षुओं, संस्कृति मंत्रालय और राष्ट्रीय संग्रहालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्राप्त किया। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भूटान में पवित्र बुद्ध अवशेषों की पवित्र प्रदर्शनी के बाद उन्हें भारत वापस लाकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की गहरी श्रद्धा दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सामंजस्य को अभिव्यक्त करती है

1. पवित्र अवशेषों को 8 से 25 नवंबर तक थिम्पू में रखा था
2. पवित्र बुद्ध अवशेष भारत और भूटान की मित्रता का प्रतीक
3. मंत्री रिजिजू ने मिले सम्मान पर आभार व्यक्त किया


भूटान के पीएम लेत्सोग लोपेन ने विशेष प्रार्थना में भाग लिया


विशेष हवाई जहाज से अवशेष लेकर भारत लौटे मंत्री किरेन रिजिजू

### मंत्री रिजिजू ने बताया गौरवशाली क्षण

*केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भूटान में पवित्र बुद्ध अवशेषों की पवित्र प्रदर्शनी के बाद उन्हें भारत वापस लाकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की गहरी श्रद्धा दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सामंजस्य को अभिव्यक्त करती है। औपचारिक विदाई के दौरान भूटान नरेश की व्यक्तिगत देखभाल और अनुग्रहपूर्ण उपस्थिति से मैं अत्यंत अभिभूत हूं। रिजिजू ने पवित्र अवशेषों के लिए की गई सावधानीपूर्वक व्यवस्था और 11 नवंबर 2025 को पीएम नरेंद्र मोदी की यादगार भूटान यात्रा के लिए भूटान के पीएम, भूटान के मंत्रिमंडल के सदस्यों, केंद्रीय मठ निकाय के लेत्सोग लोपेन, भिक्षुओं और भूटान की शाही सरकार को हार्दिक धन्यवाद दिया।*

### हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

*बता दें, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के अंतर्गत, पवित्र बुद्ध पिपरहवा अवशेषों को 8 से 25 नवंबर 2025 तक थिम्पू के त्राशिछोद्ज़ोंग के ग्रैंड कुएनरे हॉल में प्रतिष्ठित किया गया था, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन और प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दरअसल, बौद्ध जगत की सर्वाधिक पूजनीय वस्तुओं में से एक, पवित्र बुद्ध अवशेष, भारत की ओर से मित्रता के एक विशेष प्रतीक के रूप में भूटान लाए गए थे।*

### अवशेषों को राजकीय जुलूस के रूप ले गए

*मंगलवार सुबह, भूटान के नरेश ने ग्रैंड कुएनरे में विशेष प्रार्थना में भाग लिया, जिसके बाद अवशेषों को राजकीय जुलूस के रूप में पारो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ले जाया गया, जहां से उन्हें सम्मानपूर्वक भारत वापस लाया गया। इस समारोह में भूटान के पीएम लेत्सोग लोपेन, गृह मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और भारत तथा भूटान के प्रतिष्ठित भिक्षुओं ने भाग लिया। भूटान नरेश ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से भी मुलाकात की, जो अवशेषों को स्वदेश लाने के लिए विशेष रूप से भूटान आए थे।*

## इजराइल के राजदूत अजार ने मुंबई आतंकी हमलों के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के समर्थन की दोहराई प्रतिबद्धता, कहा- 26/11 इंसानियत पर बड़ा 'हमला'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इजराइल ने आतंकवाद के सभी रूपों को हराने के लिए भारत के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मृतकों को श्रद्धांजलि दी और इस आतंकी घटना को इंसानियत पर हमला बताया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले में 160 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो मैसेज में, अजार ने कहा कि इस हमले में हर समुदाय, देश और हर धर्म के लोगों को टारगेट किया गया।


राजदूत रियुवेन अजार

उन्होंने कहा कि इजराइल आतंकवाद में मासूम लोगों की जान जाने का दर्द समझता है और हिम्मत और पक्के इरादे से इसका जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज, जब भारत 26/11 के भयानक मुंबई आतंकी हमलों की बरसी मना रहा है, मैं और इजराइल के लोग, भारत के लोगों के साथ खड़े हैं, ठीक वैसे ही जैसे हम उस काले दिन और उसके बाद हर साल खड़े थे। 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था।

*भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने कहा कि 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था, यह इंसानियत पर हमला था। इस हमले ने हर समुदाय, हर देश, हर धर्म, भारतीयों और इजराइलियों को एक ही तरह से टारगेट किया। बदकिस्मती से, इजराइल इस दर्द को जानता है।*

### भारत-इजराइल के मिले-जुले अनुभव ही साझेदारी की नींव

### फ्रांस के राजदूत ने भी की 26/11 आतंकी हमले की निंदा


**फाइल फोटो :** 26 नवंबर 2008 के दिन मुंबई के ताज होटल पर हमला

### शहर की रक्षा करने वालों का सम्मान

अजार ने कहा कि भारत और इजराइल के मिले-जुले अनुभव ही 'गहरी और हमेशा रहने वाली साझेदारी' की नींव हैं। आज, हम 26/11 के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन बहादुर अधिकारियों, सुरक्षा बलों और फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स का सम्मान करते हैं जिन्होंने बहुत बड़ी कुर्बानी देकर शहर की रक्षा की, और हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।

### इजराइल हमेशा भारत के साथ खड़ा है

*इजराइली राजदूत अजार ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजराइल आतंकवाद को उसके सभी रूपों में हराने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और रहेगा। उन्होंने कहा कि जब हम 26/11 को याद करते हैं, तो हम अपने साझा मूल्यों, आजादी, लोकतंत्र और इस पक्के विश्वास को दोहराते हैं कि जिंदगी को हमेशा नफरत पर जीत मिलनी चाहिए। भारत अकेला नहीं है।*

### फ्रांस के राजदूत ने भी दी श्रद्धांजलि


भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, साथ ही आतंकवाद को लेकर फ्रांस की निंदा को दोहराया और आतंकवाद से लड़ने में भारत को अपना समर्थन दिया। एक एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि मुंबई हमला 26/11: इन भयानक हमलों के 17 साल पूरे होने पर, फ्रांस पीड़ितों की याद में श्रद्धांजलि देता है। फ्रांस आतंकवाद की पूरी तरह से निंदा करता है, और इस बुराई से लड़ने में भारत के साथ खड़ा है।

## लाल किला बम विस्फोट मामला

# एनआईए कोर्ट ने आमिर की हिरासत 10 दिन के लिए बढ़ाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने लाल किला के पास हुए विस्फोट मामले में आमिर राशिद अली की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत 10 दिन के लिए बढ़ा दी है। अदालत ने इसी मामले में शोएब को भी 10 दिनों की एनआईए पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

एनआईए ने दो आरोपियों शोएब और आमिर राशिद अली को प्रधान जिला एवं अतिरिक्त न्यायधीश अंजू बजाज चंदना के सामने पेश किया। गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी।


आरोपी को कोर्ट में पेश करती पुलिस

एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था। कई राज्यों में खोज अभियान चलाने के बाद आखिरकार आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

### जासूसी के आरोप में नूंह से वकील गिरफ्तार


वकील रिजवान

पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में हरियाणा की नूंह पुलिस ने वकील रिजवान को गिरफ्तार किया है। वकील रिजवान गुरुग्राम की कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। पुलिस ने दो दिन पहले पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। सदर थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

वकील के एक साथी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वकील पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को गुप्त सूचना देने के आरोप है। केंद्रीय जांच एजेंसी और जिला पुलिस टीम बुधवार की सुबह गांव खरखड़ी पहुंची, जहां मौके पर मिले वकील रिजवान पुत्र जुबेर को दबोच लिया। यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी राजाका गांव के अरमान और कांगरका गांव के तारीफ को भी बीते मई माह में केंद्रीय जांच एजेंसी और स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं, पूछताछ के दौरान दोनों से पाकिस्तानी करेंसी के साथ कई संदिग्ध चीजें मिली थीं। अब वकील रिजवान की गिरफ्तारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### अल्मोड़ा में 161 जिलेटिन छड़ें बरामद, एक अरेस्ट

चंपावत। उत्तराखंड में अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र में एक स्कूल के पास की झाड़ियों से पिछले सप्ताह विस्फोटक सामग्री जिलेटिन की छड़ें बरामद होने के मामले में पुलिस ने एक ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देवेंद्र पिंचा ने बताया कि चंपावत के निवासी ठेकेदार प्रशांत बिष्ट ने सात साल पहले सड़क निर्माण में चट्टानें तोड़ने के लिए जिलेटिन की छड़ें मंगाई थीं जिन्हें बाद में कमरा खाली करने के दौरान उसके मकान मालिक ने बाहर फेंक दिया। पिंचा ने बताया कि बिष्ट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस जिलेटिन की छड़ें लाने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। सल्ट क्षेत्र में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभरा में 21 नवंबर को स्कूल परिसर की झाड़ियों से जिलेटिन की कुल 161 बेलनाकार छड़ें बरामद की गई थीं। मामले का खुलासा तब हुआ जब विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सुभाष सिंह को झाड़ियों में कुछ संदिग्ध पैकेट दिखाई दिए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# जम्मू-कश्मीर में अभी से 'चिल्लई कलां'


धुंध में डूबी श्रीनगर की डल झील

***श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में बुधवार को मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई, जहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बता दें, हर साल दिसंबर और जनवरी के महीने में ठंड की वजह से पानी भी पाइप में जम जाता है। इन 40 दिनों को 'चिल्लई कलां' कहा जाता है। 'चिल्लई कलां' के वक्त तापमान माइनस में बहुत नीचे पहुंच जाता है। इस बार ये दिन 21 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक रहेंगे।*

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

# लॉरेंस गैंग के 4 शूटर गिरफ्तार, 2 को गोली लगी, गोला-बारूद बरामद

एजेंसी ▸▸ मोहाली (पंजाब)

पंजाब के मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह घटना बुधवार दोपहर डेराबस्सी-अंबाला हाईवे पर हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश यहां बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की तो शातिरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के शूटरों ने पुलिस पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई को दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैं। वहीं घायल आरोपियों को डेराबस्सी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।


मुठभेड़ स्थल पर नूंह पुलिस

## यूएन के सदस्यों देशों से अगले महासचिव के लिए नाम मांगे गए

### यूएन सुरक्षा परिषद एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी

# संयुक्त राष्ट्र के मुखिया को चुनने की प्रक्रिया शुरू, कई बड़े नाम हैं दावेदार

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल अगले साल समाप्त हो रहा है। जिसके बाद नए महासचिव को चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से मंगलवार से शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यूएन महासचिव का पद बेहद अहम होता है।

ऐसे में कई बड़े नाम इस पद की दौड़ में शामिल हैं। मंगलवार को 15 सदस्यों वाली संयुक्त सुरक्षा परिषद और 193 देशों की महासभा के अध्यक्ष ने एक संयुक्त पत्र जारी किया है। जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों देशों से अगले महासचिव के लिए नाम मांगे गए हैं।


यूएन सभा और उसका प्रतीक चिन्ह

यूएन महासचिव पद का उम्मीदवार संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश का होना चाहिए। आमतौर पर यह पद क्षेत्रवार बदलता रहता है। मतलब मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस साल 2016 में चुने गए थे और वे पुर्तगाल यानी पूर्वी यूरोप के उम्मीदवार थे।

### कई राउंड की वोटिंग होगी

नए महासचिव की चुनाव प्रक्रिया कई महीनों तक चलेगी, जिसमें कई राउंड की वोटिंग होगी। इससे पहले यूएन सुरक्षा परिषद अगले साल के आखिर में 10वें यूएन महासचिव के चुनाव के लिए 193 सदस्यों वाली महासभा को आधिकारिक तौर पर एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी। सुरक्षा परिषद एक गुप्त मतदान करेगी, जिसे स्ट्रॉ पोल कहा जाता है। स्ट्रॉ पोल में हर उम्मीदवार के लिए काउंसिल मेंबर को ये विकल्प दिए जाते हैं: प्रेरित करना, हतोत्साहित करना या कोई राय नहीं।

### इनकी सर्वाधिक चर्चा

**मिशेल बैचलेट:** लैटिन अमेरिकी देश चिली की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट का नाम प्रस्तावित किया जाएगा। बैचलेट चिली की पहली महिला राष्ट्रपति थीं और वे दक्षिण अमेरिकी देशों के अध्यक्ष पद पर भी रह चुकी हैं। बैचलेट साल 2018-2022 के बीच संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त और उससे पहले यूएन वुमन की कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। **रेबेका ग्रिनस्पान:** कोस्टा रिका की तरफ से पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पान के नाम को प्रस्तावित किया जा सकता है। राष्ट्रपति रोड्रिगो शावेज ने इसकी जानकारी दी। 69 वर्षीय ग्रिनस्पैन अभी संयुक्त राष्ट्र कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट के महासचिव पद पर सेवाएं दे रहे हैं। **राफेल ग्रोसी:** अर्जेंटीना की तरफ से राफेल ग्रोसी का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। वे पूर्व राजनयिक हैं और फिलहाल इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के महानिदेशक पद पर हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109